Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 35 | मंगलवार, 04 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## दिल्ली में थमा चुनावी प्रचार का शोर

# 70 सीटों पर 5 फरवरी को डाले जाएंगे वोट

**नई दिल्ली।**



**दिल्ली की जनता 'खेलो इंडिया' कहने वाले को वोट देगी, न कि 'पीलो**

बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली की जनता 5 फरवरी को ऐसी सरकार बनाने के लिए वोट करेगी जो डबल इंजन से चलेगी. दिल्ली को लड़ने-झगड़ने वाली सरकार नहीं चाहिए। दिल्ली की जनता 'खेलो इंडिया' कहने वाले को वोट देगी, न कि 'पीलो इंडिया' कहने वाले को। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान खत्म हो गया। दिल्ली में मुख्य मुकाबला बीजेपी, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच है। दिल्ली में 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे और नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। बीजेपी पिछले 25 साल से दिल्ली की सत्ता से बाहर है। यही कारण है कि भगवा पार्टी ने अपनी पूरी ताकत लगा रखी है। हालांकि, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी को भरोसा है कि वे लगातार तीन वर्षों में फिर से सत्ता हासिल करेंगे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भी राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में आने के लिए कड़ी मेहनत की। 2013 तक 15 साल तक राजधानी पर राज करने वाली कांग्रेस ने दोबारा सत्ता हासिल करने के लिए कई शो किए। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि चुनाव प्रचार भले ही बंद हो गया हो लेकिन दिल्ली की जनता ने जो फैसला लिया है उसकी झलक 5 फरवरी को दिखेगी। हमारी पार्टी के कार्यकताओं ने इस बार विधानसभा चुनाव के लिए बहुत मेहनत की है। दिल्ली बीजेपी को पीएम मोदी के नाम और पहचान का फायदा मिला है. पीएम मोदी की वजह से लोगों ने हमें बहुत प्यार दिया है। उन्होंने कहा कि जनता का मूड बता रहा है कि 5 फरवरी को दिल्ली में कमल खिलने जा रहा है।' मैं बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद देना चाहता हूं। सचदेवा ने कहा कि पीएम मोदी ने दिल्ली के लिए काफी समय दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, हमारी पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने समय-समय पर बैठकें कीं। सभी बैठकों को जोड़ें तो 650 से ज्यादा बैठकें हमारी पार्टी के नेताओं ने की हैं, जिनमें कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हैं।

बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली की जनता 5 फरवरी को ऐसी सरकार बनाने के लिए वोट करेगी जो डबल इंजन से चलेगी. दिल्ली को लड़ने-झगड़ने वाली सरकार नहीं चाहिए। दिल्ली की जनता 'खेलो इंडिया' कहने वाले को वोट देगी, न कि 'पीलो इंडिया' कहने वाले को।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर संसद में चर्चा, राहुल का मोदी सरकार पर वार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सांसद महाकुंभ में प्रबंधन का मुद्दा उठा रहे थे। इस दौरान विपक्ष की ओर से आरोप लगाया जा रहा था कि सरकार ने मरने वालों के आंकड़े छुपाए हैं। हालांकि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनकड़ और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने लगातार विपक्ष से सदन को चलने देने की अपील की।

संसद का बजट सत्र चल रहा है। शनिवार को देश का बजट पेश किया गया था। इसके बाद आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की शुरूआत हुई। चर्चा में आज राहुल गांधी ने सरकार पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। वहीं, राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी मोदी सरकार पर तंज कसा। इसके अलावा आज दोनों सदनों में कुछ क्षणों के लिए हंगामा भी देखने को मिला। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सांसद महाकुंभ में प्रबंधन का मुद्दा उठा रहे थे। इस दौरान विपक्ष की ओर से आरोप लगाया जा रहा था कि सरकार ने मरने वालों के आंकड़े छुपाए हैं। हालांकि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनकड़ और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने लगातार विपक्ष से सदन को चलने देने की अपील की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को देश के लिए वैकल्पिक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि वंचित वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित कर और इलेक्ट्रिक वाहन, डेटा तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आईए) से जुड़ी आधुनिक युग की क्रांति में भाग लेकर चीन को पछाड़ा जा सकता है।

## पीएम मोदी ने इंडो अमेरिकी गायिका

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रधानमंत्री पीएम मोदी ने भारतीय अमेरिकी गायिका चंद्रिका टंडन को ग्रैमी मिलने पर बधाई दी है। उन्होंने ग्रैमी मिलने पर कहा कि यह भारत के लिए बेहद सराहनीय है। वे इस संस्कृति को बढ़ाने का काम कर रही हैं। भारतीय अमेरिकी गायिका चंद्रिका टंडन को ग्रैमी अवॉर्ड मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी सराहना की है। पीएम मोदी ने कहा कि यह भारतीय संस्कृति के लिए बेहद भावुक क्षण है।

## 1, दो, 3...भारत के कई दुश्मनों पर ट्रंप ने कर दी बड़ी स्ट्राइक



**नई दिल्ली।**

ट्रंप ने सबसे पहले तो बांग्लादेश को दी जा रही फंडिंग रुकवा दी। कनाडा पर 25 प्रतिशत और चीन पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगा दिए। चीन, मेक्सिको और कनाडा पर लगे टैक्स की वजह इनका अमेरिकी व्यापार घाटे में सबसे ज्यादा योगदान है। वहीं टैरिफ पर भारत की आलोचना करने के बावजूद ट्रंप ने भारत को 25% टैरिफ से अलग रखा है। जिसके बाद से कहा जा रहा है कि ट्रंप पीएम नरेंद्र मोदी के साथ अपनी दोस्ती निभा रहे हैं।

अमेरिका ने ऐसी तबाही मचाई है जिसने रातों रात भारत के कई दुश्मन देश निपट गए हैं। मीडिया में विमर्श का केंद्र ये रहा कि ट्रंप ने पीएम मोदी को अपने शपथग्रहण में नहीं बुलाया। इसमें कुछ वर्ग को राष्ट्र का इतना अपमान दिखा। एक वर्ग इस नैरेटिव को चलाने में लग गया कि ट्रंप के शपथग्रहण के लिए मोदी को नहीं बुलाया गया। लेकिन आज वो तमाम लोग ट्रंप के ताबड़तोड़ एक्शन को देख बौखला उठेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने एक तरफ बांग्लादेश, चीन और कनाडा के तेवर ढीले किए तो वहीं दूसरी तरफ ऐसी संस्था पर एक्शन ले लिया जिसने भारत को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया। इस संस्था ने भारत को अंदर तक खोखला करने की कोशिश की है। खुलाया हुआ है कि इसी संस्था ने रूस को परेशान करने के लिए यूक्रेन और भारत को परेशान करने के लिए बांग्लादेश में सरकार गिराई थी। मगर भारत को नुकसान पहुंचा रही इस संस्था के होश डोनाल्ड ट्रंप ने ठिकाने पर ला दिया है।

## सोनिया गांधी और पप्पू यादव के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस



**नई दिल्ली।**

**राष्ट्रपति पर विवादित टिप्पणी का मामला**

कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के खिलाफ भाजपा सांसदों ने विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। ये नोटिस दोनों नेताओं की तरफ से राष्ट्रपति पर की गई टिप्पणियों के खिलाफ है। भाजपा सांसदों ने कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी की तरफ से 'सर्वोच्च पद की गरिमा को कम करने के उद्देश्य से भारत की राष्ट्रपति के खिलाफ अपमानजनक और निंदनीय शब्दों के प्रयोग के माध्यम से' संसदीय विशेषाधिकार, नैतिकता और औचित्य के उल्लंघन के लिए नोटिस दिया है। इसके साथ ही भाजपा सांसदों ने निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के खिलाफ भी विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। भाजपा सांसदों ने नोटिस में लिखा, हम सोनिया गांधी की तरफ से हाल ही में कई गई कुछ असंसदीय, अपमानजनक टिप्पणियों के बारे में बहुत निराशा के साथ यह लिख रहे हैं। सोनिया गांधी की राष्ट्रपति के खिलाफ टिप्पणी पर गंभीरता से विचार करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जरूरत है।

## अमेरिका-कनाडा के बीच ट्रेड वार शुरू

**नई दिल्ली।**



डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ के एलान के बाद अमेरिका और कनाडा के बीच ट्रेड वार शुरू हो चुका है। शनिवार को डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको और कनाडा पर 25 फीसदी टैरिफ का एलान किया। इसके बाद कनाडा ने भी अमेरिका पर कड़े टैरिफ की धमकी दी। मंगलवार से कनाडा अमेरिका पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएगा। उधर, कनाडा के ओंटारियो प्रांत ने अमेरिकी कंपनियों को सरकारी अनुबंधों से बैन कर दिया है। इससे सबसे बड़ा झटका ट्रंप के बेहद करीबी दोस्त एलन मस्क को लगा है। दरअसल, कनाडा के इस फैसले से एलन मस्क के स्टारलिंक के साथ 100 मिलियन डॉलर का सौदा रद्द हो जाएगा। पिछले साल एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के साथ एक समझौता किया था। इसके तहत दूरदराज में रहने वाले लोगों तक हाईस्पीड इंटरनेट पहुंचाना था। मगर अब ओंटारियो के प्रीमियर डग फोर्ड ने कहा कि यह प्रतिबंध तब तक जारी रहेगा जब तक डोनाल्ड ट्रंप कनाडा पर से टैरिफ नहीं हटा लेते हैं। फोर्ड ने यह भी एलान किया है कि वह जल्द दुकानों से अमेरिकी सामान को हटा देंगे। वहीं ब्रिटिश कोलंबिया के प्रीमियर डेविड एबी ने घोषणा की है कि अमेरिकी राज्यों से शराब नहीं खरीदी जाएगी।

## अब एलन मस्क को मिली सरकारी नौकरी

**रॉयटर्स, वाशिंगटन।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क को सरकारी नौकरी मिल गई है। ट्रंप प्रशासन ने एलन मस्क को अब विशेष सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया है। सोमवार को व्हाइट हाउस ने कहा कि एलन मस्क को अब विशेष सरकारी कर्मचारी माना जाएगा। यह दर्जा दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क को अमेरिकी सरकार के लिए काम करने की अनुमति देता है।

## 'महाकुंभ हादसे के पीछे साजिश', लोकसभा में रविशंकर प्रसाद बोले- षड्यंत्र की बू आ रही

**नई दिल्ली।**



भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को लोकसभा में प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ की घटना का उल्लेख किया और कहा कि हादसे में षड्यंत्र की बू आ रही है। जांच पूरी होने के बाद इसके लिए जिम्मेदार लोगों को शर्म से सिर झुकाना पड़ेगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए बिहार के पटना साहिब से सांसद ने कहा कि अब तक 35 करोड़ लोग महाकुंभ में पवित्र स्नान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में हुई त्रासदी की जांच चल रही है। सच जल्द सामने आ जाएगा। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर सोनिया गांधी की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस को घेरा और कहा कि संविधान बचाने का दावा करने वालों को सर्वोच्च संवैधानिक पद का सम्मान करना सीखना चाहिए। साथ ही कहा कि सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान करना कांग्रेस की परंपरा रही है तथा उसके राजनीतिक डीएनए में है।

## एक महीने बाद फिर खोला गया पैसिफिक कोस्ट हाईवे



**लॉस एंजिलिस।**

दक्षिण कैलिफोर्निया में लगे भीषण आग के चलते एक महीने से बंद पैसिफिक कोस्ट हाईवे (पीसीएच) को खोल दिया गया है। हालांकि इस समय जरूरत को देखते हुए सिर्फ एक लेन ही खोला गया है। साथ ही यातायात विभाग ने हाईवे पर प्ररिचालन के लिए चेतावनी के साथ-साथ सख्त निर्देश भी दिए है। दक्षिण कैलिफोर्निया में लगी भयानक आग ने पूरे इलाके में तबाही मचा रखी है। सैकड़ों लोगों को इस आग के चलते अपना घर छोड़ना पड़ा। इसी बीच थोड़ी राहत की खबर सामने आ रही है। जहां भीषण आग के चलते एक महीने से बंद पैसिफिक कोस्ट हाईवे (पीसीएच) को खोल दिया गया। बता दें कि पिछले महीने जब पैलिसेड्स की घातक आग ने लॉस एंजिल्स के पहाड़ी इलाकों में फैलकर समुद्र तट तक की संपत्तियों को नष्ट कर दिया था। इसी दौरान इस हाईवे को बंद कर दिया गया था।

## आज संगम स्नान करेंगे भूटान नरेश, मुख्यमंत्री योगी होंगे साथ

**महाकुंभ नगर।**

भूटान नरेश विशेष विमान से लखनऊ से करीब 10:10 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर उतरेंगे। बमरौली एयरपोर्ट पर पहले से मौजूद मुख्यमंत्री उनका स्वागत करेंगे। वहां से हेलिकॉप्टर से वे लोग अरैल पहुंचेंगे। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक मंगलवार को संगम में डुबकी लगाएंगे। इनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रहेंगे। मुख्यमंत्री भूटान नरेश के स्वागत के साथ बुधवार को प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे। भूटान नरेश विशेष विमान से लखनऊ से करीब 10:10 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर उतरेंगे। बमरौली एयरपोर्ट पर पहले से मौजूद मुख्यमंत्री उनका स्वागत करेंगे। वहां से हेलिकॉप्टर से वे लोग अरैल पहुंचेंगे। इसके बाद क्रूज से किला घाट जाएंगे। फिर संगम नोज पर स्नान करेंगे। संगम स्नान और पूजन के बाद भूटान नरेश अक्षयवट और हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद बड़े हनुमान मंदिर के पास ही स्थित डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र का अवलोकन करेंगे। वहां से अरैल स्थित त्रिवेणी शंकुल जाएंगे। भूटान नरेश करीब ढाई बजे बमरौली एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से करीब तीन बजे रवाना होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। भूटान नरेश को बमरौली एयरपोर्ट से विदा करने के बाद मुख्यमंत्री दोबारा हेलिकॉप्टर से अरैल पहुंचेंगे।

इसके बाद वह सेक्टर 15 स्थित अखिल भारतीय संत समागम निवास पंडाल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद सेक्टर छह स्थित श्री रामभद्राचार्य शिविर में जाएंगे और वहां करीब 15 मिनट रहेंगे।



## संपादक की कलम से

### अंततः आयकर कटौती

लंबे अर्से से बढ़ती कीमतों, स्थिर वेतन और करों के बोझ से मध्यम वर्ग वित्तीय दबाव में था। केंद्रीय बजट 2025 में मोदी सरकार ने आयकर छूट सीमा बढ़ाकर व कर दरों में कमी से राहत देने की कोशिश की है। किंतु-परंतु न हो तो अब बारह लाख तक की आय वाले व्यक्ति को कोई कर नहीं देना होगा। धारणा है कि इससे लोगों की आय बढ़ने से उपभोक्ता खर्च में वृद्धि होगी। खपत में वृद्धि से मांग बढ़ेगी जो कालांतर उद्योगों- अर्थव्यवस्था को गति देगी। निस्संदेह आयकर व्यवस्था का सरलीकरण स्वागत योग्य कदम है। वरिष्ठ नागरिकों की ब्याज आय पर कटौती की सीमा को दुगनी करके एक लाख रुपये सालाना करने से उन्हें लाभ मिलेगा। इसी तरह किराये की आय पर निर्भर सेवानिवृत्त लोगों को बढ़ी हुई टीडीएस सीमा का लाभ होगा, जिसे अब बढ़ाकर छह लाख सालाना कर दिया गया है। लेकिन दूसरी ओर ईपीएफ,पीपीएफ, बीमा और होम लोन पर प्रमुख कटौतियों का लाभ हटाने से आम आदमी की वास्तविक बचत खत्म हो सकती है। जिससे दीर्घकालीन बचत में गिरावट संभवित है। नई व्यवस्था पीएफ और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में निवेश को हतोत्साहित करती है। यह स्थिति उनकी भविष्य की वित्तीय सुरक्षा को कमजोर कर सकती है। कर राहत के साथ जरूरी है कि मध्यम वर्ग की आय में वृद्धि हो और मुद्रास्फीति पर नियंत्रण किया जाए। निजी क्षेत्र के सेवानिवृत्त लोगों की सामाजिक सुरक्षा के बारे में भी सोचना जरूरी है। लेकिन आयकर राहत से मध्यम वर्ग की बचत-खपत बढ़ने से क्या वास्तव में आर्थिकी को गति मिल सकेगी? एक अनुमान के अनुसार भारत में आबादी का चालीस फीसदी मध्यम वर्ग के दायरे में आता है। दरअसल, भारतीय अर्थव्यवस्था मांग की कमी से जूझ रही है। मध्य वर्ग ही वस्तुओं और सेवाओं का बड़ा उपभोक्ता वर्ग है। उसकी क्रय शक्ति कम होने व बचत नहीं होने से उसकी खरीद क्षमता बाधित हुई है। मांग कम होने से उत्पादन में गिरावट आई है और नया निवेश प्रभावित हो रहा है। यही वजह है कि बीते वर्ष में विकास दर पिछले चार सालों में सबसे कम 6.4 रही है जिसके आर्थिक सर्वे में इस साल 6.8 तक रहने का अनुमान है। जो विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है। सरकार का मानना है कि आयकर में कटौती से बचत और खपत को बढ़ावा मिलेगा। दरअसल, मध्यम वर्ग उपभोक्ता, कर्मचारी और सहायक सेवा करने वाले लोगों का नियोक्ता होता है। सरकार मानती है कि इससे अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। वहीं कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि देश में अप्रत्यक्ष करों में कमी से मांग को ज्यादा बढ़ावा मिल सकता है। अप्रत्यक्ष कर मध्यमवर्ग के बजाय गरीब लोगों को भी देना पड़ता है।



ललित शर्मा
संपादक

## मौसम ने ली अंगड़ाई

उदय किशोर साह

कविता



मौसम ने कर ली सोलह श्रृंगार
आया बसंत रूत बसंत बहार
पीली सरसों की मन्द मुस्कान
पुरवाई ले आई नई विहान

अमुवा की मंजरी से छलकता प्यार
प्यासी अँखियां दिल है बेकरार
परदेशी गये कर दिल से इकरार
रात है सूनी झूठा था क्या प्यार

पपीहा की कूक चाँदनी है बेकार
किस किस को सुनायें घर की तकरार
अब ना होता सब्र और इन्तजार
मोहब्बत की देखो कैसा तेरा एतबार

आँगन है मेरी सूनी रूठा क्यूं यार
दस्तक पे नजर पर खाली है द्वार
उतर ना जाये प्यार की तब खुमार
बदनाम हो गये हँसता गाँव जवार

इस विरहा की गीत किसे सुनाऊँ
किस किस को अपनी गम बताऊँ
अब तो आज वापस मेरे सरकार
घर में भी है रोटी खेत में ज्वार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

### विश्व कैंसर दिवस- 4 फरवरी, 2025

# कैंसर जोखिमों को परास्त करने में योग सहायक



ललित गर्ग



कैंसर एक ऐसा रोग है जिसके बारे में सुनकर ही लोग डर जाते हैं। कैंसर, वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं एवं बीमारियों में से एक है, जिसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व कैंसर दिवस दुनिया के हर कोने में कैंसर की रोकथाम, कैंसर के लक्षणों की पहचान और इलाज के प्रति जागरूकता लाने एक महत्वपूर्ण दिन है, इस दिवस को मनाने की शुरूआत साल 2000 में पेरिस में हुई थी। 4 फरवरी 2000 को पेरिस में ह्यवर्ल्ड समिट अगेंस्ट कैंसरह्न कार्यक्रम का आयोजन कर इस दिवस को मनाने की शुरूआत हुई। अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ हर साल एक खास थीम पर वर्ल्ड कैंसर डे मनाता है। यह खास थीम लोगों को जागरूक करने और कैंसर के खिलाफ वैश्विक कार्रवाई को प्रेरित करने के लिए बनाई जाती है। साल 2025 में वर्ल्ड कैंसर डे की थीम ह्ययूनाइटेड बाय यूनीकह्न रखी गई है। इस थीम को रखने का उद्देश्य लोगों को यह बताना है कि कैंसर न सिर्फ इलाज से बल्कि लोगों के आत्मविश्वास एवं मनोबल से जीतने वाली एक लड़ाई है, जिसे हमें जड़ से खत्म करना है। ह्यमैं हूँ और मैं करूँगाह्न जो व्यक्तियों से कैंसर के खिलाफ लड़ाई के लिए व्यक्तिगत प्रतिबद्धता बनाने का आह्वान करता है।

मानव शरीर कई कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। इनका समय-समय पर रिप्लेसमेंट होता है। जैसे-जैसे कोशिकाएं मरती जाती हैं उनकी जगह पर नई कोशिकाओं का निर्माण होता है। इन रिप्लेसमेंट के दौरान जो सेल मल्टिप्लीकेशन होता है उसके अंदर कोई एक विकृत कोशिका भी पैदा हो जाती है और यह असामान्य कोशिका ऐसी होती है जिस पर शरीर के सिस्टम्स का कोई नियंत्रण नहीं होता और यह सेल इस तरह मल्टीप्लाई करता है कि अंततोगत्वा यह ट्यूमर अथवा कैंसर का रूप अख्तियार कर लेता है। कैंसर कई प्रकार के हो सकते हैं, सभी उम्र के व्यक्तियों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। लक्षणों की समय पर पहचान और इलाज प्राप्त करके कैंसर से मृत्यु के जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। हर साल लाखों लोग कैंसर से मरते हैं, जो विश्व स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण है। साल 2022 में दुनिया भर में कैंसर से करीब 9.7 मिलियन लोगों की मौत हुई थी, साल 2040 तक, कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या बढ़कर 15.3 मिलियन होने का अनुमान है।

दुनिया में हर छठी मौत कैंसर के कारण होती है। मेडिकल क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रयोग और तकनीक विकास के चलते कैंसर अब लाइलाज बीमारी तो नहीं रही है, पर अब भी आम लोगों के लिए इसका इलाज काफी कठिन बना हुआ है। कैंसर से लड़ने के लिए सबसे जरूरी है कि हमें इस बीमारी के बारे में सब कुछ पता हो, इसे कैसे रोका जाए और इसको कैसे डायग्नोस किया जाए। दुनियाभर में विभिन्न आय, आयु, लिंग, जातीयता आदि के समूहों की आबादी द्वारा सामना की जाने वाली कैंसर देखभाल सेवाओं तक पहुंच में अंतर को खत्म करना अपेक्षित है। असाध्य बीमारी होने के बावजूद इस बीमारी को परास्त किया जा सकता है, अगर जिजीविषा, मनोबल एवं हौसला हो तो कैंसर को भी पस्त किया जा सकता है और ऐसा होते हुए देखा भी जा रहा है। हम जानते हैं कि हममें से हर एक में बदलाव लाने की क्षमता है, चाहे बड़ा हो या छोटा, और साथ मिलकर हम कैंसर के वैश्विक प्रभाव को कम करने में प्रगति कर सकते हैं। अक्सर वही लोग खतरे में पड़ते हैं, जो खुद को खतरे में महफूज समझते हैं या खतरे को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

हाल के वर्षों में हासिल किए गए महत्वपूर्ण कैंसर अनुसंधान मील के पत्थर को साबित हुए हैं और क्षितिज पर आशाजनक नैदानिक विकास का पता लगाया है। पिछले कुछ सालों में विज्ञान ने कैंसर के प्रकारों, कारणों और उपचारों में काफी विकास किया है एवं इस बीमारी से लड़ने एवं इसे परास्त करने में सफलता पाई है। ऐसे तमाम आम और सेलिब्रेटी हैं, जिन्होंने कैंसर का सही समय पर जांच और इलाज करवाकर जीवन का सुख प्राप्त कर रहे हैं। इस दिशा में और भी जागरूकता और सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। कैंसर लाइलाज नहीं है, लेकिन इसका इलाज स्टेज 1 या स्टेज 2 में पता लग जाने और तुरन्त ऑपरेशन करके निकाल देने से संभव है। इन वर्षों में अनेक प्रभावी दवाइयों एवं इलाज प्रक्रियाएं भी सामने आयी है जैसे- टार्गेटेड थेरेपी है, इम्यूनो थेरेपी है। उससे लोगों को काफी आराम मिलता है। उससे अनेक लोगों का खतरा पूरी तरह या कुछ मात्रा में कम हुआ एवं जीवन में कुछ वर्ष बढ़े हैं।

कैंसर ठीक होने के सवाल में एक और बात बताना जरूरी हो जाता है कि कैंसर एक लाइफस्टाइल बीमारी भी है। इसलिये जीवन को संतुलित एवं संयममय बनाकर इस बीमारी को कम किया जा सकता है। आप कैसे रहते हैं, क्या खाते हैं, क्या आपकी आदतें हैं, क्या आपकी बुरी आदतें है, उसपर भी निर्भर करता है। लाइफस्टाइल और आहार को पौष्टिक रखने के साथ शराब-धूम्रपान को छोड़कर योग, ध्यान एवं साधना के माध्यम से कैंसर के खतरे से बचाव किया जा सकता है। कैंसर विश्वभर में मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है। शरीर के किसी हिस्से में असामान्य कोशिकाओं की वृद्धि और इसका अनियंत्रित रूप से विभाजन कैंसर का कारक होती है। आनुवांशिकता, पर्यावरणीय, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, रसायनों के अधिक संपर्क के कारण कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है। महिलाओं में सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर और पुरुषों में फेफड़े-प्रोस्टेट और कोलन कैंसर का खतरा सबसे अधिक देखा जाता रहा है।

कैंसर को नियंत्रित करने में भारतीय योग, आयुर्वेद एवं अध्यात्म की महत्वपूर्ण भूमिका है। क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति को आत्मविश्वास व मानसिक बल मिलता है। अध्यात्म के सहारे से जीवन की यात्रा को सुगम व सरल किया जा सकता है। इसे एक पारंपरिक उपचार प्रणाली के रूप में जाना जाता है, जो पूरे शरीर, मन और आत्मा में ऊर्जा के संतुलन और प्रवाह को पुनर्स्थापित करती है। जिस प्रकार दवाई हमारे शरीर के अंदर जाकर बीमारी को ठीक करती है, ठीक उसी प्रकार आध्यात्मिक इलाज हमारे मन को मजबूत बना कर किसी भी बीमारी से लड़ने की हिम्मत देता है। अध्यात्म में वो शक्ति है, जो हारे हुए व्यक्ति के जीवन में नई ऊर्जा भर देता है। अध्यात्म के बहुत सारे अंग हैं जैसे- योग, प्राणायाम, मंत्र साधना, ध्यान, आदि। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने आप को भीतर से मजबूत बना सकता है। यही वजह है कि जो व्यक्ति अपने जीवन में अध्यात्म को अपना लेता है, वो कैंसर से जुड़ी हर पीड़ा, वेदना एवं हर परिस्थिति का डटकर सामना करता है। ऐसा व्यक्ति जीवन में कभी हार नहीं सकता। कैंसर अब एक तरह से जीवनशैली से जुड़ी बीमारी बनती जा रही है। कई बार तो लंबे समय तक यह बीमारी पकड़ में ही नहीं आती। इसका एक बड़ा कारण जागरूकता का अभाव भी है। हालांकि, कैंसर पूर्व के कुछ लक्षण दिखते हैं, जिन्हें आमतौर पर नजरअंदाज कर दिया जाता है। मुंह में सफेद या लाल धब्बे, शरीर में कहीं गांठ बन जाना और उसका बढ़ना, लंबे समय तक खांसी, कब्ज की लगातार समस्या, अधिक थकान और वजन में गिरावट जैसे लक्षणों को कतई नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कैंसर संक्रामक रोग नहीं है। कैंसर के मरीजों से दूरी न बनाएं, बल्कि उनके साथ जुड़कर उनको मानसिक संबल दें, उनमें सकारात्मक सोच विकसित करें। कैंसर की जंग में सकारात्मक सोच रोगी का सबसे बड़ा हथियार हो सकता है। सकारात्मक सोच वाले शरीर पर ही दवाइयां अपना असर दिखती हैं। इसलिए कभी भी व्यक्ति को हताश नहीं होना चाहिए। योग से शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। रोजाना 30 मिनट तक योग करके कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है। विश्व कैंसर दिवस कैंसर के वैश्विक बोझ पर चिंतन करने के साथ-साथ जांच योगमय संतुलित जीवन और जीवनरक्षक उपचार में हुई प्रगति का जश्न मनाने का भी दिन है। पूरे समुदाय को जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, सामूहिक और सरकारी कार्रवाई को प्रेरित करता है।

# मोबाइल में बच्चों के साथ यौन अपराध से जुड़े वीडियो को देखना पॉक्सो एक्ट 2019 की धारा 15 (1) के तहत अपराध



गोंदिया




वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में प्रतिष्ठित अपेक्स न्यायपालिका का दिनांक 23 सितंबर 2024 को बच्चों के साथ बढ़ते यौन शोषण अपराधों को प्रेरित करने वाली एक कड़ी बच्चों से जुड़ा सेक्सुअल कंटेंट चाइल्ड पोर्न पर बहुत ही महत्वपूर्ण जजमेंट आया जो इस दिशा में सुधारों में मील का पत्थर साबित होगा,क्योंकि आजके आधुनिक युग में हम देखते हैं कि बड़ों से लेकर बुजुर्गों व युवाओं से लेकर छोटे-छोटे बच्चों के हाथ में मोबाइल आ गया है जिसमें ऐसी सैकड़ो एप्स हैं,जिसपर एक क्लिक से बच्चों से बूढ़ों तक की अश्लील क्लिप आ जाती है जिसे देखकर सामाजिक माहौल खराब हो जाना लाजमी है।परंतु समाज में अच्छा वातावरण बनाने के लिए कुछ एनजीओ या समाज सेवी संगठन भी इस दूषित हो रहे वातावरण को सुधारने के लिए नेक कार्य में आगे आ रहे हैं।वर्ष 2019 में चाइल्ड पॉर्न सेक्सुअल कंटेंट देखने के आरोप में एक 28 साल के युवक पर पॉक्सो अधिनियम 2019 व आईटी एक्ट 2000 के तहत केस दर्ज हुआ था जिसपर हाईकोर्ट ने इसे रद्द कर दिया था। फिर एनजीओ ने सुप्रीम कोर्ट में इसकी अपील की जिसका जजमेंट दिनांक 23 सितंबर 2024 को दोपहर बाद आया जिसमें हाईकोर्ट के जजमेंट को सिरे से खारिज कर कहा पॉक्सो अधिनियम 2019 की धारा 15 के अनुसार चाइल्ड पोर्न देखना/रखना/प्रकाशित करनाप्रसारित करना अपराध है, जिसमें तीन से 7 साल तक की सजा 10 लख रुपए का जुमार्ना या दोनों हो सकते हैं।इसलिए अब हर मोबाइल धारकों को इसका संज्ञान सख़्ती से लेना होगा, क्योंकि मोबाइल पर इस ऐप या साइट पर एक क्लिक किया कि धारा 15 के आरोपी बन गए! क्योंकि साइबर विभाग की पैनी नजरें आपकी मोबाइल के उपयोग को तीसरी आंख से देख रही है, आप क्या देख रहे हैं यह उनका सब मालूम चल जाता है।चूंकि बच्चों के साथ बढ़ते यौन शोषण अपराधों को प्रेरित करने वाली हर कड़ी को काटने अपराधियों को सख्त सजा दिलाने में लोकतंत्र के चारों स्तंभों को एक साथ आना होगा तथा मोबाइल धारकों द्वारा मोबाइल से बच्चों से जुड़ा सेक्सुअल कंटेंट पर एक क्लिक से आपको जेल पहुंच सकता है। पॉक्सो एक्ट 2019 की धारा 15 में 3 से 7 साल की जेल व जुमार्ना या दोनों होगा इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,मोबाइल में बच्चों के साथ यौन अपराध से जुड़ेवीडियो को देखना/डाउनलोड करना/सेव करना पॉक्सो एक्ट 2019 की धारा 15(1) के तहत अपराध की श्रेणी में आ गया है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 23 सितंबर 2024 को दोपहर आए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सहित दो जजों की बेंच के जजमेंट की करें तो,सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पॉक्सो एक्ट की धारा 15 के अनुसार,चाइल्ड पोर्न देखना, रखना, प्रकाशित करना या उसे प्रसारित करना अपराध है।कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि पॉक्सो एक्ट की धारा 15(1) बच्चों से जुड़े अश्लील कंटेंट को न हटाने नष्ट न करने या उसकी जानकारी न देने पर सजा का प्रावधान करती है। वहीं, धारा 15(2) चाइल्ड पोर्न से जुड़े कंटेंट को प्रसारित करने को अपराध बनाती है।जबकि, धारा 15(3) में कारोबारी मकसद से चाइल्ड पोर्न को स्टोर करने को अपराध के दायरे में लाती है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पोक्सो एक्ट के सब-सेक्शन 1, 2 और 3 एक-दूसरे से अलग हैं। अगर कोई मामला सब-सेक्शन 1, 2 और 3 में नहीं बनता है तो इसका मतलब ये नहीं है कि वो मामला धारा 15 के अंतर्गत नहीं आता।इस फैसले के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कुछ सुझाव भी दिए।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतों को अपने फैसले में चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द की जगह चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लॉयटेटिव मटैरियल का इस्तेमाल करने के लिए सरकार को पोक्सो कानून में संशोधन करना चाहिए।अदालत ने सुझाव दिया कि सेक्स एजुकेशन पर जोर दिया जाना चाहिए, जिसमें चाइल्ड पोर्न से जुड़े कानूनी और नैतिक प्रभावों की जानकारी शामिल हो।सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार एक एक्सपर्ट कमेटी बना सकती है, जो सेक्स एजुकेशन का एक सिस्टम तैयार करे। कोर्ट ने स्कूलों को सलाह दी कि कम उम्र से ही बच्चों को पोक्सो कानून के बारे में बताया जाना चाहिए।भारत में पोर्न देखना अपराध नहीं है। हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक कई फैसलों में साफ कर चुकी हैं कि प्राइवेट स्पेस में पोर्न देखना अपराध नहीं है।पिछले साल एक मामले में फैसला देते हुए केरल हाईकोर्ट ने कहा था, पोर्नोग्राफी सदियों से प्रचलित है। लेकिन आज के नए डिजिटल युग में और ज्यादा सुलभ हो गई है।बच्चों और बड़ों की उंगलियों पर ये मौजूद है। सवाल ये है कि अगर कोई अपने निजी समय में दूसरों को दिखाए बगैर पोर्न वीडियो देख रहा है तो वो अपराध है या नहीं? अदालत इसे अपराध के दायरे में नहीं ला सकती, क्योंकि ये व्यक्ति की निजी पसंद हो सकती है और इसमें दखल करना उसकी निजता में घुसपैठ करने के बराबर होगा।इससे पहले 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में कहा था कि निजी स्पेस में पोर्न देखना गलत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा था कि अकेले पोर्न देखने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन चाइल्ड पोर्नोग्राफी या महिलाओं के खिलाफ बलात्कार या हिंसा से जुड़े अश्लील कंटेंट को देखना या इकट्ठा करना अपराध के दायरे में आता है।

साथियों बात अगर हम मद्रास हाईकोर्ट के पूर्व में दिए गए जजमेंट की करें तो,साल 2019 में चाइल्ड पोर्न डाउनलोड करने के आरोप में 28 साल के युवक पर पॉक्सो और आईटी कानून के तहत केस दर्ज हुआ था।मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस ने इस केस को ये कहते हुए रद्द कर दिया था कि चाइल्ड पोर्न देखना पॉक्सो और आईटी एक्ट के तहत अपराध नहीं है।कोर्ट ने ये भी कहा था कि आरोपी को पोर्न देखने की आदत थी, लेकिन उसने पहले कभी चाइल्ड पोर्न नहीं देखी थी, न ही उसने डाउनलोड किया वीडियो किसी से शेयर किया था। केस रद्द करते हुए हाईकोर्ट ने कहा था कि गेनजेड को पोर्न देखने की लत है और उन्हें सजा देने की बजाय जागरूक करना चाहिए। कोर्ट ने आरोपी को सलाह दी थी कि अगर उसे अभी भी पोर्न देखने की लत है तो उसे काउंसलिंग लेना चाहिए।

साथियों बात अगर हम पॉक्सो अधिनियम (संशोधित) 2019 की करें तो,पॉक्सो यानी प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस एक्ट इस कानून को 2012 में लाया गया था. ये बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन शोषण को अपराध बनाता है। ये कानून 18 साल से कम उम्र के लड़के और लड़कियों, दोनों पर लागू होता है, इसका मकसद बच्चों को यौन उत्पीड़न और अश्लीलता से जुड़े अपराधों से बचाना है. इस कानून के तहत 18 साल से कम उम्र के लोगों को बच्चा माना गया है और बच्चों के खिलाफ अपराधों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है।पॉक्सो कानून में पहले मौत की सजा नहीं थी, लेकिन 2019 में इसमें संशोधन कर मौत की सजा का भी प्रावधान कर दिया. इस कानून के तहत उम्रकैद की सजा मिली है तो दोषी को जीवन भर जेल में ही बिताने होंगे. इसका मतलब हुआ कि दोषी जेल से जिंदा बाहर नहीं आ सकता।इसी तरह अगर कोई व्यक्ति किसी बच्चे का इस्तेमाल पोर्नोग्राफी के लिए करने का पहली बार दोषी पाए जाने पर पांच साल और दूसरी बार में सात साल की सजा हो सकती है।

इसके अलावा जुमार्ना अलग से देना पड़ेगा।अगर कोई व्यक्ति बच्चों से जुड़ी पोर्नोग्राफी को स्टोर करता है, डिस्प्ले करता है या फिर किसी के साथ साझा करता है, तो दोषी पाए जाने पर तीन साल की जेल या जुमार्ना या दोनों की सजा हो सकती है।प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस (पॉक्सो) एक्ट में चाइल्ड पोर्नोग्राफी को लेकर सख्त सजा का प्रावधान है।

# पल्स एनीमिया महाअभियान का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने सोमवार को पल्स एनीमिया महा अभियान का शुभारंभ किया। जिसमें जिले की 4775 गर्भवती महिलाओं की 89 उपकेंद्रों में हीमोग्लोबिन की जांच की जाएगी। पल्स एनीमिया महा अभियान 10 फरवरी तक चलेगा। एएनएम सेंटर में आज 40 गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन की जांच की गई।

जिला मुख्यालय एएनएम केंद्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत पल्स एनीमिया महाअभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन की जांच होगी तथा किसी भी गर्भवती महिला की सम्पूर्ण स्वास्थ सम्बन्धी जांच कर हीमोग्लोबिन के स्तर को बनाए रखने के लिए उचित जांच करवाकर हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य कार्यकृतियांआंगनबाड़ी, आशा सहित एएनएम सहित महिला रोग विशेषज्ञ द्वारा प्रत्येक गर्भवती महिला को शारीरिक आधार पर उचित पोषण प्रदान कर उचित स्वास्थ लाभ प्रदान कराया जाएगा। गर्भवती महिलाओं को हीमोग्लोबिन का स्तर कम होने पर डॉक्टर द्वारा आवश्यक दवाई दी जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा की सरकार द्वारा एनीमिया के उन्मूलन के लिए यह विशेष अभियान चलाया गया ।गर्भवती महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी न हो इसका परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाई वितरित की जाएगी।

# पुलिस ने जाल बिछाकर स्मैक के अवैध कारोबारी को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** मैदानी क्षेत्र से पहाड़ी जनपदों में स्मैक पहुंचाकर युवा पीढ़ी को बबार्दी के दलदल में घसीटने की साजिश करने वालों का सिलसिला जारी है। पुलिस नेजिले में स्मैक के नशे के खात्मे के आश्वासन के बाद एक बार फिर स्मैक की काला बाजारी करते हुए पकड़े गए हैं। लंबे समय बाद दो युवकों को एसओजी और कोतवाली पुलिस ने अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निदेर्शानुसार पुलिस टीमों को लगातार अपने क्षेत्रों में अवैध नशे के कारोबार पर रोक लगाने के निर्देश देते हुए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

मामले में कोतवाली में पुलिस उपाधीक्षक अजय लाल साह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि रविवार की सायं पुलिस के गोपनीय मुखबिरों द्वारा सूचना मिली कि दो युवक हल्द्वानी से स्मैक लेकर आ रहे हैं जिस पर एसओजी और कोतवाली पुलिस द्वारा युवकों को ट्रेप कर उनकी धरपकड़ को चेकिंग अभियान चलाया गया।

# जनता दरबार मे श्रम प्रवर्तन अधिकारी के नही पहुँचने पर डीएम खफा

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सोमवार को तहसील सभागार में जनता दरबार कार्यक्रम आयोजित हुआ। श्रम प्रवर्तन अधिकारी के उपस्थित न रहने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को वेतन रोकने के निर्देश दिए।

सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल जनता दरबार कार्यक्रम में विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनता दरबार कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए फरियादियों द्वारा 13 समस्या और शिकायतें दर्ज करायी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की व्यवहारिक समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाय। कहा कि जिनका समाधान नही हो पा रहा है, या शासन स्तर के मामले है, ऐसे मामलों को तय समय के भीतर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

जनता दरबार कार्यक्रम में बहादुर सिंह निवासी गलई कंधार ने श्रम विभाग का सर्वर न चलने से विभागीय योजनाओं के लाभ से वंचित रहने की समस्या रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने श्रम विभाग से जानकारी चाही गयी तो श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनुपस्थित मिले, जिस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को वेतन रोकने के निर्देश दिए। भुवन चंद्र जोशी निवासी जुनायल ने पेयजल सहित प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त कराने की मांग की, मोहन गिरी निवासी मंडलसेरा ने पैतृक भूमि की जांच कराने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

गोपाल सिंह निवासी पाना ने निर्माण कार्य के दौरान कटी नाप भूमि का मुआवजा दिलाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने ईई लोनिवि को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अन्य फरियादियों ने भी अपनी समस्या व शिकायतें जिलाधिकारी ने समक्ष रखी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन व हैल्लो बागेश्वर की भी समीक्षा की। लंबित शिकायतों को लेकर डीएम ने विभागों को हिदायत देते हुए लंबित शिकायतों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन को लेकर विभागों की लापरवाही कतई भी बर्दाश्त नही की जाएगी। डीएम ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल को अधिकारी नियमित रूप से लॉगिंग करें और शिकायतकर्ता से भी पोर्टल के माध्यम से संवाद स्थापित करें।

## कार निकालने को लेकर मारपीट फायरिंग, 8 दबंगों पर एफआईआर 2 गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** डिबाई में चढ़त के दौरान स्कॉर्पियो कार निकालने को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। आरोप है कि बारात में अतरौली जा रहे स्कॉर्पियो सवार दबंगों ने कार को रास्ता न मिलने पर चढ़त में पीछे चल रही इको कार सवार बारातियों से विवाद हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि स्कॉर्पियो सवारों ने मारपीट की और फायरिंग की जिसमें 5 बारातियों के घायल होने की खबर है। गंभीर रूप से घायल 3 बारातियों को हायर मैडिकल सेंटर भेजा गया है। बुलंदशहर के एसपी० देहात रोहित मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने 8 हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर 2 को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डिबाई में विगत देर शाम को सौरभ पुत्र भरत सिंह की चढ़त हो रही थी जिसके पीछे एक ईको कार चल रही थी चढ़त मैरिज होम की तरफ बढ़ रही थी बताया जाता है कि बागपत से अलीगढ़ जनपद के चिरौली में एक बारात में शामिल होने जा रहे स्कॉर्पियो सवार बारातियों की इको कार को आगे निकालने के लिए जब रास्ता नहीं मिला तो कार निकालने को लेकर विवाद हो गया।

# सेंट मीरास इण्टर कॉलेज में सेंट मीरास ब्रेनर कॉन्टेस्ट का आयोजन हुआ



वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** सेन्ट मीरास इण्टर कालेज में सेन्ट मीरास ब्रेनर कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया जिसके प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी में कौशल अवध प्रान्त प्रचारक, प्रबन्धक विनोद रतड़ा, एवं डार्गक्टर सिद्धिमा रतड़ा उपस्थित रही।

इस प्रतियोगिता में 100 बच्चों ने प्रतिभाग किया, जिन्हें मैडल देकर सम्मानित किया गया, प्रतिभागिता के दूसर राउंड में तीस बच्चे सलेक्ट हुये जिन्हें स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया, तीसर राउंड में 11 बच्चे सलेक्ट हुये जिन्हें स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया गया, चौथे राउंड में पांच बच्चे सलेक्ट हुए जिन्हें ब्ल्यूटूथ स्पीकर देकर सम्मानित किया गया, फाइनल राउंड में विजता दो बच्चे आदर्श गुप्ता-विल और शुभ विश्वकर्मा रहे, जिन्हें टेबलेट एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रशान्त भाटिया, निर्मल शरदार निर्मल सिंह एवं आलोक शुक्ला उपस्थित रहे।

## शाहजहांपुर में खुला किडजी प्ले स्कूल : जल्द होगा शुभारम्भ

**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर स्थित राजधानी नर्सरी के सामने किडजी प्ले स्कूल का शुभारम्भ जल्द होने जा रहा है ।क्षेत्र में प्ले स्कूल न होने के कारण अभिभावक अपने बच्चों को 30 किलोमीटर मेरठ पढ़ने के लिये भेजते थे जिस कारण काफी समय से शाहजहांपुर को एक अच्छे प्ले स्कूल की दरकार थी लेकिन यह इंतजार अब खत्म हो चुका है ।स्कूल संस्थापक शोएब खान ने बताया कि स्थानीय नौनीहालों के बेहतरीन भविष्य के निर्माण के संकल्प के साथ स्कूल की स्थापना की गई है ।बच्चों के लिए आधुनिक शिक्षा के तहत किडजी प्ले स्कूल बेहतर साबित होगा किड्स स्कूल से बच्चों की पढ़ाई में काफी सहूलियत होगी क्योंकि नर्सरी के बच्चों को पढ़ाना सामान्य शिक्षा से जटिल होता है। किडजी की स्वामित्व वाली 2500 शाखाएं हिंदुस्तान के हर राज्य और जनपद में खुली हुई हैं किडजी ग्रुप के पास सर्वोत्तम बुनियादी ढांचा और प्रशिक्षित शिक्षक हैं।

# मथुरा ने जीता डॉक्टर्स क्रिकेट लीग का तीसरा संस्करण



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** मथुरा में खेले जा रहे डॉक्टर्स क्रिकेट लीग सीजन 3 के फाइनल में रविवार रात्रि को वृंदावन क्रिकेट अकादमी में मथुरा वारलॉर्ड्स ने मेरठ ग्लैडिएटर्स को 9 विकेट से मात देकर तीसरा संस्करण अपने नाम कर लिया ।फाइनल मैच में मेरठ के कप्तान डॉ विजय सिंह ने टॉस जीत कर मेरठ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट खो कर 178 रन बनाए जिसमें डॉ अंकित वर्मा ने 41 रन और डॉ सौरभ अग्रवाल 43रन का विशेष योगदान दिया वही मथुरा के डॉ भरत अग्रवाल ने 3 विकेट झटके ।लक्ष्य का पीछा करने उतरी मथुरा की टीम ने डॉ अमित और कप्तान डॉ संदीप चौधरी की पहले विकेट की 136 रन की साझेदारी की बदौलत 9 विकेट से मैच जीत ट्रॉफी और डीसीएल 3 का टाइटल अपने नाम कर लिया जिसमें डॉ अमित ने 98 रन और डॉ संदीप चौधरी की 32 रन ने जोरदार पारी खेली ।डॉ अमित फाइनल में मन ऑफ द मैच भी रहे।

डीसीएल 3 में विभिन्न राज्यों और शहरों से चिकित्सकों की 9 टीमों ने हिस्सा लिया था जिसमें पहले सेमीफाइनल में मेरठ ने लखनऊ को पराजित कर और दूसरे सेमीफाइनल में मथुरा ने दिल्ली को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई ।सभी मैच मथुरा वृंदावन क्रिकेट अकादमी, अचीवर्स क्रिकेट अकादमी और सी ए ई क्रिकेट अकादमी ग्राउंड्स में 30 जनवरी से 2 फरवरी तक खेले गए। टूर्नामेंट के अंत में बेस्ट बैट्समैन ऑफ द टूनार्मेंट का अवॉर्ड आगरा के डॉ गौरव को, बेट्स बोलर ऑफ द टूनार्मेंट मथुरा के डॉ भरत अग्रवाल, बेस्ट फील्डर ऑफ द टूनार्मेंट मथुरा के डॉ इरफान खान, हार्ड हिटर ऑफ द टूनार्मेंट मथुरा के डॉ अमित, मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का अवॉर्ड मेरठ के डॉ विवेक पाल, बेस्ट फेयर प्ले टीम अवॉर्ड आगरा टीम को दिया गया।

# सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

वेलकम इंडिया





**बागेश्वर।** एनएसएस का राइका मण्डलसेरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया है। शिविर में छात्रों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया ।वही शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा ने सभी शिविरार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया ।उन्होंने कहा कि वृक्ष धरा के अनमोल रत्न है ।वृक्ष है तभी ब्रमांड में जीवन सुरक्षित है ।आज के दौर में पर्यावरण को संरक्षित रखने और पर्यावरण चक्र को सन्तुलित बनाने में वृक्षों का विशेष महत्व है।

उन्होंने सभी छात्रों और शिक्षकों से नित्य विद्यालयों में नैतिक शिक्षा की तरह पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए छात्रों को वृक्षारोपण को प्रेरित करने की अपील की ।वृक्ष मित्र मलड़ा ने अपने जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि नित्य कार्यशैली में वृक्ष ही जीवन के महत्वपूर्ण साथी, जल जंगल जमीन और धरा को बचाने के लिए पेड़ है जरूरी की बात कहते हुए सभी छात्रों को वृक्षारोपण की अपील करते हुए पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

शिविर में पीटीए अध्यक्ष राधा थापा व वशिष्ठ अतिथिव एनएसएस के जिला समन्वयक डॉ राजीव निगम रहें। शिविर की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ० केवलानन्द काण्डपाल के द्वारा की गई। सात दिवसीय शिविर की आख्या का बाचन शिविरार्थी पूजा द्वारा की गई। समापन कार्यक्रम के अवसर पर शिविराथीर्यों द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

शिविराथीर्यों के द्वारा गणमान्य अतिथियों को बैज अंलकृत कर स्मृति चिन्ह भेट स्वरूप प्रदान किया। सर्वोत्तम शिविरार्थी का पुरस्कार सूरज प्रसाद को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन शिविरार्थी मनीष कुमार द्वारा किया गया।

संचालन कार्यक्रम अधिकारी नारायण गिरि गोस्वामी ने किया। इस दौरान स्वयंसेवी एवं सहायक सुन्दर सिंह मेहता. विनोद कुमार टम्टा, विक्रम सिंह पिल्ख्वाल, रश्मि पाण्डे, आदि मौजूद थे।

# यूपी बोर्ड में मैथ की तैयारी के लिए सिलेबस समझना होगा, प्रैक्टिस करनी होगी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** फरवरी माह से यूपी बोर्ड की परीक्षा की शुरूआत होने जा रही है और ऐसे में यूपी बोर्ड के हाई स्कूल व इंटर के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा की तैयारी पर विशेष ध्यान देना जरूरी हो गया है. कई छात्र-छात्राएं अपनी तैयारियों को लेकर चिंतित हैं, खासकर गणित जैसे विषय में, जो कई के लिए एक चुनौती बनता है. गणित का पेपर हमेशा से छात्रों के लिए कठिन माना जाता है, लेकिन सही रणनीति और दिशा से इस विषय को अच्छे अंक लाने का एक जरिया बना सकते हैं ।इन टिप्स की लें मदद अगर आप भी उनमें से हैं जिन्हें गणित की तैयारी में समस्या होती है तो कुछ बातों का ध्यान दें. इनकी मदद से आप इस विषय में बढ़िया परफॉर्म कर पाएंगे. हम आपको कुछ ऐसे महत्वपूर्ण टिप्स देने जा रहे हैं, जो आपको गणित के पेपर की तैयारी में मदद कर सकते हैं और आपके प्रदर्शन को बेहतर बना सकते हैं. शुरूआत इस बात से करें कि सबसे पहले विषय से डरना बंद करें और मन से ये बात निकाल दें कि इस सब्जेक्ट में अच्छा नहीं कर पाएंगे. पॉजिटिव अपरोच लेकर काम करें ।मैथ टीचर ने बताए टिप्स सैयद गुलाम जिलानी एजुकेशनल एकडेमी के गणित के अध्यापक इसराक अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि अगर छात्र-छात्राओं ने अभी तक गणित की तैयारी शुरू नहीं की है तो उन्हें तुरंत अपनी तैयारी शुरू कर देनी चाहिए. उन्होंने आगे बताया गणित के पेपर में सफलता पाने के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि छात्र रोजाना सवालों की प्रैक्टिस करें और पुराने अनसॉल्वड पेपर से अभ्यास करें।

# मदरसा तालीमुल कुरान सेमरियावां के 70 पुरस्कृत



**संतकबीरनगर।** मदरसा तालीमुलकुरान सेमरियावां में रविवार की शाम को भव्य वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमें मदरसा के विभिन्न कक्षाओं के 70 मेधावी छात्रों आकर्षक इनाम देकर पुरस्कृत व सम्मानित किया गया ।मदरसा के अंतिम वर्ष के छात्रों को उच्च संस्थान में दाखिला हेतु विदाई भी दी गई ।इनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शिक्षकों अभिभावकों ने दुआएं भी दीं। मदरसे में आयोजित हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी, अरबी भाषण प्रतियोगिता, इस्लामी नालेज, अंताक्षरी, कला, सुलेख और खेल प्रतियोगिता एवं कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि मुफ्ती रहमतुल्लाह लखनऊ ने कहा कि अच्छे और मेहनती छात्र स्कूल और शिक्षक का नाम रोशन करते है ।शिक्षक एवं माता पिता का आदर करने वाले कामयाब होते हैं ।इनका आजीवन आदर एवं सम्मान करें ।विद्यालय में रहकर शिक्षक के मार्गदर्शन में अच्छे संस्कार सीखे जाते हैं। इस समारोह का संचालन गुफरान अहमद नदवी ने किया । इस अवसर पर हमीदुद्दीन चौधरी, जफीर अली करखी, अनवर आलम चौधरी, हाजी करम हुसैन, उजैर अहमद कासमी, समीउल्लाह, मुजीबुर्रहमान कासमी, हाजी मसूद अहमद, मुफ्ती मो आसिम, महमूद अहमद कासमी, मो जकी नदवी, मो अरशद कासमी, अलाउद्दीन, वालीउद्दीन नदवी, कारी अजमतउल्लाह, वसीम अख्तर, मो रिजवान, जमील अहमद, कुर्बान अली नदवी, अब्दुल मालिक, अब्दुल बारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहकर पुरस्कार वितरण किया ।बच्चों को आशीर्वाद एवं दुआएं दीं।

# दुधारा पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत लगवाये गये 04 सीसीटीवी कैमरें



**संतकबीरनगर।** सोमवार को दुधारा पुलिस की पहल पर लोहरौली बाजार स्थित ओवेस मोबाइल शॉप में एक स्थान पर 04 सीसीटीवी कैमरें लगवाये गये। कैमरें लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले जमील अहमद पुत्र अब्दुल्लाह निवासी सिसवा दाखिली को उपनिरीक्षक राम कुशल सिंह ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया। संतकबीरनगर पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया जा रहा है कि वे अपने अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरुर लगवाएं और कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें, जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके, आपका यह छोटा सा प्रयास कानून व्यवस्था बेहतर करने में बहुत कारगर होगा ।

# ओवेस मोबाइल शॉप में उपहार का हुआ वितरण



**संतकबीरनगर।** सोमवार को दुधारा थाना क्षेत्र के लोहरौली ठकुराई स्थित ओवेस मोबाइल शाप में उपहार का वितरण संपन्न हुआ। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। दुधारा थाना क्षेत्र के लोहरौली ठकुराई स्थित ओवेस मोबाइल शाप पर बजाज फाइनेंस द्वारा महालोन मेले में मोबाइल खरीददारी करने वाले ग्राहकों को आकर्षक उपहार वितरण समारोह सोमवार को संपन्न हुआ। ग्राहकों को दुधारा थाना उपनिरीक्षक राम कुशल सिंह, लोहरौली ठकुराई के प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू विश्वकर्मा ने उपहार देकर सम्मानित किये। इस अवसर पर जमील अहमद, मुहम्मद तारिक, इरफान अहमद, मुहम्मद खलील, महेश कुमार, मसूद आलम, विनोद विश्वकर्मा, नदीम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एएम इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल खरक पुनिया में मनाया गया बसंत पंचमी पर्व



**हरियाणा/हिसार।** बसंत पंचमी के उपलक्ष में स्कूल में सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया सभी बच्चों ने विद्या की देवी मां सरस्वती के मंत्र उच्चारण के साथ हवन पूजन किया । बच्चे पीले वस्त्र पहन कर आए हुए हैं ।सभी बच्चे अपने खाने में भी पीला ही फल और खाने के लिए पीले चावल आदि लेकर आए। स्टाफ और बच्चों ने बसंत पंचमी का त्योहार स्कूल प्रांगण में धूमधाम से मनाया इस मौके पर स्कूल की संचालिका डॉक्टर सुदेश चहल पूनिया ने मां सरस्वती विद्या ज्ञान बुद्धि की देवी के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया और त्योहार मनाने की परंपरा को समझाया। स्कूल की प्रिंसिपल मैम किरण सिंह ने बच्चों को चंदन का तिलक लगाकर मां सरस्वती के मंत्र का उच्चारण कराया, और बच्चों को रोज अपने जीवन में मंत्र ध्यान करने के लिए उत्साहित किया, सभी स्टाफ सदस्य ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और आशीर्वाद दिया ।

# लापरवाही पड़ी भारी, आयुक्त नगर परिषद और जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर के विरुद्ध राजा भईया ने ठोका एक लाख रुपए की वसूली का मुकदमा

वेलकम इंडिया

**सवाई माधोपुर।** कहते हैं कानून से बड़ा कोई नहीं होता इसका उदाहरण आज जिले के नगर परिषद आयुक्त एवं जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर के विरुद्ध सम्मन जारी कर सिविल न्यायधीश महोदया ने साबित कर दिया है हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने आज इस बाबत प्रेस नोट और अदालत के आदेश की प्रतियां पत्रकारों को देते हुए बताया कि उन्होंने दिनांक 04/10/2023 को साक्ष्य अधिनियम की धारा 74 एवं 76 के तहत एक आवेदन सौ रुपए के पोस्टल ऑर्डर एवं पचास रुपए के डॉक टिकिट लगा लिफपा नगर परिषद आयुक्त सवाई माधोपुर के नाम भेज कर कुछ दस्तावेजों की सत्य प्रतियां मांगी थी परन्तु उनसे सौ रुपए वसूलने के बावजूद समय सीमा में उन्हें दस्तावेजों की




सत्य प्रतियां उपलब्ध नहीं कराई और उनके द्वारा डाक पचास रुपए की डाक टिकिट लगा लिफपा भी अपने पास रख लिया ? जो कि यह दस्तावेज उन्हें एक अपराधिक मामले में पुलिस को देने थे बार बार नगर परिषद आयुक्त कार्यालय में संपर्क करने के बाद भी उन्हें दस्तावेजों की सत्यप्रतियां नहीं दी गई, जिस पर मजबूरन उन्होंने दिनांक 16/11/2023 को एक कानूनी नोटिस रजिस्टर्ड डाक द्वारा आयुक्त नगर परिषद और जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर के नाम भेज कर सभी दस्तावेज देने और उन्हें हरासमेंट व आर्थिक मानसिक व शारिरिक पीड़ा के लिए एक लाख रुपए क्षति पूर्ति का भुगतान करने हेतु भेजा, बकौल राजा भईया नोटिस प्राप्ति के बावजूद लापरवाही व गैर जिम्मेदाराना कार्य करते हुऐ उपरोक्त दोनों अधिकारियों ने ना तो उन्हें मांगे गए दस्तावेजों की सत्यप्रतियां आज तक उपलब्ध कराई और ना ही उनके द्वारा भेजे गए कानूनी नोटिस



का ही कोई जवाब दिया और ना ही उन्हें एक लाख रुपए क्षति पूर्ति का भुगतान किया जिसके कारण उन्होंने न्यायालय में उपरोक्त दोनों अधिकारियों के विरूद्ध उपरोक्त राशि की वसूली और मांगे गए दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश देने हेतु मुकदमा, दावा सिविल न्यायधीश सवाई माधोपुर जिले की अदालत में दायर किया, जिस पर सिविल न्यायधीश माननीय राजवीर कौर ने सभी दस्तावेजों और दावे का

- **सिविल न्यायधीश ने जारी किए सम्मन मांगा जवाब अगली सुनवाई छह मार्च को , कानून से ऊपर कोई नहीं : राजा भईया**

अवलोकन करने एवं स्वयं वादी एडवोकेट राजेंद्र सिंह तोमर राजा भईया की दलीलें सुनने के बाद उपरोक्त दोनों अधिकारियों के विरूद्ध वाद को दर्ज रजिस्टर कर सम्मन जारी कर आगामी छह मार्च को जवाब दाखिल करने व अग्रिम सुनवाई के लिए सूची बद किया है जिस पर अदालत में दीवानी वाद संख्या 07/2025 दर्ज किया गया है, अब सभी की निगाहें आगामी अदालती सुनवाई की तारीख पर टिकी हैं इस पूरे प्रकरण से एक बात तो साफ होती है कि यदि कानून का सहारा ले कर ठान लिया जाए तो कानून और अदालत से से ऊपर कोई नहीं है फिर चाहे वो नगर आयुक्त हो या जिला कलेक्टर हों।

# ब्लैकमेल करके प्रेमी करता था दुष्कर्म तंग आकर प्रेमिका ने उतारा मौत के घाट

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** कारचोबी ठेकेदार इकबाल अहमद की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए इकबाल की प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में हत्यारोपी रबीना ने अपना गुनाह कबूल किया है हत्यारोपी रबीना का कहना है कि इकबाल उसके मोबाइल से की गई बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया करता था और उन रिकॉर्डिंग को वायरल करने की धमकी देकर मुझ से अवैध संबंध बनाता था, इससे तंग आकर मैंने हत्या की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना भोजीपुरा क्षेत्र के गांव घुर समसपुर निवासी कारचोबी ठेकेदार इकबाल अहमद का शव 30 जनवरी को सुबह उसके ही घर के बाहर सीढ़ियों पर मिला था, पुलिस इसे हादसा मान रही थी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस हरकत में आई। मृतक की पत्नी शहनाज ने शनिवार को गांव की रहने वाली रबीना और उसके पति इदरीश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने दंपती को रविवार दोपहर दो बजे पकड़ कर हिरासत में लेकर पूछताछ की तो रबीना हत्या ने गुनाह को कबूल किया है। इस प्रकरण में एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा ने बताया है कि इकबाल अहमद, रबीना से साड़ी और सूटों की कढ़ाई करवाता था। इसी दौरान दोनों में प्रेम संबंध हो गए थे। 29 जनवरी को इकबाल ससुराल में ससुर की बरसी में पत्नी शहनाज को लेकर गया था। वह पत्नी को मायके में छोड़कर घर वापस आ गया था। रबीना ने इकबाल को काल करके उससे मिलने की इच्छा जाहिर की। इसके बाद इकबाल ने रबीना को दो नशे की गोलियां दीं और कहा पति को दे देना। रबीना ने 29 जनवरी की शाम आठ बजे चाय बनाई जिसमें नशे की गोलियां डाल दीं थीं। लेकिन अपनी और बच्चों की चाय में गोलियां नहीं डाली थीं। जिसके बाद पति मोबाइल देखते-देखते सो गया। इकबाल ने रात 11.40 बजे फोन करके उसे घर बुलाया। जब वह इकबाल के घर गई तो इकबाल खिड़की के रास्ते घर से निकल आया और बाहर चबूतरे पर खड़ा मिला। उसने संबंध बनाने की बात कही तभी उसने बातें करते करते इकबाल के दोनों हाथों-पैरों को दबाया एक हाथ मुंह और एक हाथ से गला घोंटकर मार डाला और शव दरवाजे की सीढ़ियों पर फेंक चली गई। उसने इस बात को पति से भी छिपाया। रबीना ने पुलिस को बताया कि इकबाल काल रिकार्डिंग वायरल करने की धमकी देकर उसकी मर्जी के बगैर संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था। उसे डर था कि पति को अगर यह सब पता चल गया तो पति उसे घर में रहने नहीं देगा।

# परिषदीय विद्यालयों के साथ-साथ अब निजी व एडेड स्कूलों में भी चलेगा विद्या प्रवेश कार्यक्रम

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** परिषदीय विद्यालयों के साथ-साथ अब निजी व सहायता प्राप्त (एडेड) स्कूलों में भी कक्षा एक में प्रवेश की शुरूआत में 12 सप्ताह का विद्या प्रवेश कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें बच्चों को गतिविधि आधारित भाषा व अंक की दक्षता की जानकारी दी जाएगी। साथ ही बच्चों को स्कूली शिक्षा के लिए मानसिक रूप से तैयार किया जा सकेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व निपुण भारत मिशन के तहत पूर्व प्राथमिक शिक्षा को मूलभूत साक्षरता व संख्या ज्ञान को आधार स्तंभ माना गया है। इसमें हर बच्चे (पांच से छह साल) को एक वर्ष बालवाटिका कक्षा में गतिविधि आधारित शिक्षा पर जोर दिया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा विद्या प्रवेश /स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम व मैनुअल तैयार किया गया है। परिषदीय विद्यालयों में हर साल की शुरूआत में 2022-23 से 12 सप्ताह का विद्या प्रवेश कार्यक्रम चलाया जा रहा है। महानिदेशक स्कूली शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी डीएम को पत्र भेजकर कहा है कि शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर सत्र 2025-26 से परिषदीय के साथ-साथ सभी प्राइवेट व सहायता प्राप्त विद्यालयों में भी कक्षा एक में सत्र की शुरूआत में 12 सप्ताह का विद्या प्रवेश कार्यक्रम चलाया जाए। महानिदेशक ने इसका अनुपालन कराने के लिए अपने स्तर से निर्देश जारी करने को कहा है। ताकि स्कूल आने वाले बच्चों के मन में पढ़ाई को लेकर किसी तरह का डर न बैठे। वह गतिविधि आधारित शिक्षा के माध्यम से बच्चों का पढ़ाई के प्रति रुझान बढ़ाया जा सके। क्योंकि परिषदीय विद्यालयों में इसके काफी सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं।

# बिजली कनेक्शन के लिए उपभोक्ता परेशान

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** नए विद्युत कनेक्शन कराने के लिए आम उपभोक्ता हो रहे हैं परेशान, बिजली विभाग के अधिकारी झटपट पोर्टल और तकनीकी साइटों में आ रही कमी का बना रहे बहाना। आप जानते ही होंगे कि आज के दौर में लगभग सभी विभाग तकनीकी रूप से आगे बढ़ रहे हैं, धीरे-धीरे हर विभाग में तकनीकी साइटों के माध्यम से कार्य किया जा रहा है, जिस कारण कंही कंही उपभोक्ताओं को उनके कार्य में सरलता महसूस हो रही है, तो कहीं-कहीं साइटों पर आ रही तकनीकी समस्याओं के कारण उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते कुछ विभाग के अधिकारी तकनीकी साइटों के माध्यम से अपनी कमी को छुपाने का भी काम कर रहे हैं। ऐसा ही बिजली विभाग का एक मामला सामने आया है जिसमें सीबीगंज की गोविंदपुर गांव निवासी शाहीन ने बताया है कि उन्होंने लगभग डेढ़ महीने पहले विद्युत कनेक्शन के लिए फाइल बिजली विभाग के कार्यालय में जमा कर दी थी, जिसके बाद उनके घर का सत्यापन भी हो चुका है, लेकिन डेढ़ महीने के बाद भी अभी तक उनके घर में रोशनी नहीं आ सकी है। इस समस्या को लेकर जब शाहीन ने बिजली विभाग के मीटर कनेक्शन से जुड़े अधिशासी अभियंता से बात की तो उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा संचालित झटपट पोर्टल कुछ दिनों से कार्य ठीक से नहीं कर रहा था और साइट में कुछ समस्याएं भी आ रही थी, अब उन समस्याओं का निदान हो चुका है जल्द ही नए बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन कर दिए जाएंगे।

# शिक्षा मित्र संघ ने बीईओ का किया स्वागत

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** शिक्षा मित्र संघ ने सोमवार को नवागत बीईओ का स्वागत किया और उनसे शिक्षा मित्रों के मानदेय सम्बंधी प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की मांग की।बीईओ ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए तय समय पर मानदेय सम्बंधी प्रक्रिया को पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

शिक्षा मित्र संघ के जिला महामंत्री इदरीस अहमद के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने बीएआरसी दढ़ियाल पहुंचकर नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना का पुष्पगुच्छ भेंटकर सवागत किया।संघ के पदाधिकारियों ने बीईओ से कहा कि शिक्षा मित्रों को अक्सर बीआरसी स्तर से मानदेय प्रक्रिया पूर्ण होने में देरी का सामना करना पड़ता है, जिससे उन्हें समय से मानदेय नहीं मिल पाता और आर्थिक परेशानी होती है।



उन्होंने कहा कि यदि वेतन सम्बंधी प्रक्रिया को बीआरसी स्तर से प्रत्येक माह समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, तो शिक्षा मित्रों को इस परेशानी से निजात मिलेगी।

बीईओ ने शिक्षा मित्र संघ की मांग को गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया कि वे शिक्षा मित्रों के मानदेय सम्बंधी प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे।उनका पूर्ण प्रयास रहेगा कि ब्लॉक के शिक्षा मित्रों को समय से मानदेय मिल सके और इसमें किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो।

इस अवसर पर शिक्षा मित्र संघ के जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार, जिला संगठन मंत्री सुभान अली,ब्लॉक संरक्षक बच्चन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेश कुमार सहित उच्च प्राथमिक प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, एआरपी राकेश कुमार और तहसील आलम तथा शिक्षा मित्र पंकज कुमार, लाखन सिंह, संजीव कुमार,नरेश कुमार,महबूब अली, बृज किशोर और कुमारी रानी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत जवान का स्वागत देश भक्ति गानों से गूंजी यात्रा



**मथुरा/ टाउनशिप।** राष्ट्र सेवा कर अपने घर लौटे भारतीय सेना के जवान का क्षेत्रीय लोगों ने जोरदार स्वागत कर यह दिखा दिया कि आम जनता के मन में भारतीय सेना का क्या स्थान है। भारतीय थल सेना में रहकर राष्ट्र रक्षा करके सेवानिवृत्त हुए जवान हवलदार धर्मपाल सिंह को हाईवे पर लेने बड़ी संख्या में कालोनीवासी और युवा पहुंचे।कालोनीवासियों ने भारत माता के जयकारों के साथ ढोल ढमाके और हर्षोल्लास से पुष्प बरसाकर स्वागत किया।सेना के जवान को फूलों से लाद दिया। हाईवे से लेकर सैनिक के घर तक सेवा निवृत्त फौजी हवलदार धर्मपाल सिंह को जन रैली निकालकर ले गए। साथ ही भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरी रैली गूंज उठी। पूरे रास्ते भारत माता के जयकारे लगाए गए,इस दौरान वाहनों पर तिरंगा भी लगाया गया। भारतीय सेना से सेवानिवृत्त जवान हवलदार धर्मपाल सिंह ने कहा कि मैं भारतीय थल सेना में बाईस साल देश के लिए सेवा कर सेवानिवृत्त होकर वापस अपने घर लौटा हूं। मुझे काफी गर्व है कि मैंने अपने देश की सेवा की है।

# थाना सीबीगंज और एसओजी टीम ने संयुक्त ऑपरेशन में अंतर्राज्यीय लूट गैंग का पदार्फाश किया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** थाना सीबीगंज और एसओजी टीम के संयुक्त ऑपरेशन में बरेली पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए एक अन्तर्राज्यीय गैंग का खुलासा किया है। इस गैंग के सदस्य लूट और डकैती जैसी संगीन वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में 8 शातिर अपराधियों को धर दबोचा गया है, जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह सीबीगंज थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश हाईवे पर लूट की योजना बना रहे हैं।

सूचना पर विश्वास करते हुए थाना सीबीगंज और एसओजी टीम ने टियूलिया पुल के पास घेराबंदी की। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश विकास कश्यप






के पैर में गोली लगी, जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा दिया गया है।

वहीं पुलिस ने इस मुठभेड़ में विवेक उर्फ राणा, मूल निवासी बदायूं, हाल निवासी दिल्ली, अखिलेश सिंह निवासी हरदोई, सोनू कश्यप मूल निवासी बरेली, हाल निवासी गुड़गांव, हरियाणा, सर्वेश कश्यप निवासी बरेली, सागर सहरावत निवासी दिल्ली, आशु शर्मा मूल निवासी अलीगढ़, हाल निवासी दिल्ली, श्याम सुंदर निवासी बदायूं, विकास कश्यप निवासी बदायूं, हाल निवासी दिल्ली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान बदमाशों के पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार और अन्य सामान बरामद किए गए, जिनमें 2 तमंचे (315 बोर और 12 बोर), 6 चाकू, 8 मोबाइल फोन, 2 बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल (बजाज पल्सर और हीरो स्प्लेंडर), नकदी और शराब की बोतलें बरामद हुए है। इस ऑपरेशन में थाना सीबीगंज, फतेहगंज पश्चिमी और एसओजी की टीम शामिल थी। बरेली पुलिस द्वारा एक बड़े अपराध को अंजाम देने से पहले ही इस गैंग को गिरफ्तार कर लिया गया। इस प्रकरण को लेकर एसपी सिटी मानुष पारीक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया है कि यह गैंग उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में लूट और डकैती की घटनाओं में सक्रिय था।

# विद्यालय को स्मार्ट नेतृत्व प्रधान करेगा नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** टाउनशिप।जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मथुरा में नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का शुभारंभ हो गया है। संस्थान के प्राचार्य राजेंद्र बाबू ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर इस प्रशिक्षण का उद्घाटन किया।उन्होंने कहा विद्यालय के नेतृत्व में समय बहुत महत्वपूर्ण कारक है। इसलिए समय प्रबंधन के माध्यम से हम सभी तरह के नेतृत्व में चार चांद लगा सकते हैं और अपने विद्यालय को एक स्मार्ट नेतृत्व प्रदान कर सकते हैं।इसी क्रम में प्राधिकार के बिना प्रभाव गतिविधि और विद्यालय नेतृत्व का दृष्टिकोण आदि सत्र हुए।

इस प्रशिक्षण में जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य और प्रधानाचायाओं को सहभागिता रही।प्रशिक्षण प्रभारी संतोष कुमार सिंह एवं हरेश सिंह ने बताया कि यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण है और यह 7 फरवरी तक चलेगा। इसका उद्देश्य सभी का नेतृव विकास करना है। इस प्रशिक्षण के संदर्भदाताओं में कविता सक्सैना प्रधानाचार्या राजकीय हाईस्कूल ,लोहवन और भारती पांडेय राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बधाया फरह रहीं। इनके मार्गदर्शन में ही ये प्रशिक्षण दिशा और दशा तय करेगा।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा होगी सुगम और सुरक्षित, उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से बनाया जा रहा है नया रूट

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**पिथौरागढ़।** कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए अब एक नई खुशखबरी आने वाली है क्योंकि अब बिना नेपाल या चीन गए कैलाश मानसरोवर की यात्रा को पूरा किया जा सकेगा। इसके लिए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से कैलाश मानसरोवर यात्रा के रूट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। न नए मार्ग को एक साल में तैयार करने का दावा किया जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में बड़ा अपडेट जारी किया है। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने इस रास्ते का जिक्र किया। आपको बता दें कि इस नए रूट से भारतीय नागरिक बिना नेपाल या चीन से गुजरे कैलाश मानसरोवर की यात्रा कर सकेंगे। पिथौरागढ़ से मानसरोवर के लिए सीधा रास्ता बनाया जा रहा है। नए रास्ते के निर्माण से यात्रा का समय और कठिनाई दोनों कम हो जाएंगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि इस मार्ग के निर्माण में कई चुनौतियां आईं, लेकिन माइनस 5 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी फाइटर जेट और हेलिकॉप्टर के जरिए मशीनें पहुंचाकर काम जारी रखा गया। इस रास्ते के निर्माण पर 85 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस रूट पर कुछ दिनों से काम रुका था। पिछले भारत और चीन के विदेश मंत्रालय की बैठक के बाद सड़क निर्माण की गति को बढ़ाए जाने पर चर्चा हुई है। इसके बाद नितिन गडकरी का बयान सामने आया है।

**■ नए रूट को लेकर गडकरी ने क्या कहा ?:** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कार्यक्रम में कहा कि मुझे खुशी है कि पिथौरागढ़ के जरिए कैलाश मानसरोवर का रास्ता खुलने को लेकर अभी दो-चार दिन पहले आपने खबर देखी-पढ़ी होगी। दरअसल, हमारे विदेश मंत्रालय की चीन के साथ मीटिंग हुई है। बैठक में मानसरोवर जाने का रास्ता खोले जाने पर निर्णय हुआ है। यह रूट कोरोना काल में बंद हो गया था। उसके बाद से इस रूट के जरिए कैलाश मानसरोवर यात्रा को शुरू नहीं कराया गया। साथ ही, नितिन गडकरी ने कैलाश मानसरोवर रूट को लेकर भी खुशखबरी सुनाई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस रूट के खुलने के बाद लोगों को मानसरोवर जाने के लिए नेपाल या चीन जाने की जरूरत नहीं होगी। यह सभी श्रद्धालुओं के लिए खुशी की बात है। मानसरोवर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अब जल्द ही पिथौरागढ़ से सीधे 35 से 40 किलोमीटर तक हम नया रोड बना रहे हैं। इसमें हम चीन का केवल 35 किलोमीटर रोड ही यूज करेंगे। यह रूट एक साल के भीतर खुल जाएगा।





**मानसरोवर की यात्रा होगी सुगम और सुरक्षित**

कैलाश मानसरोवर यात्रा अभी नेपाल और चीन के जरिए होती है, जिसमें 15 से 20 दिन लगते हैं। यह मार्ग काफी कठिन भी है। भूस्खलन और ऊंचाई की वजह से यह यात्रा सिर्फ शारीरिक रूप से तंदुरुस्त लोगों के लिए ही संभव होती है। 1998 में प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना प्रोतिमा गौरी बेदी सहित 180 से अधिक तीर्थयात्रियों की भूस्खलन में मौत हो गई थी।

## मानसरोवर के लिए बनाए जाने वाले नए मार्ग की विशेषताएं

उत्तराखंड से कैलाश मानसरोवर के लिए बनाए जा रहे इस नए मार्ग को तीन खंडों में विभाजित किया गया है। पहला खंड पिथौरागढ़ से तवाघाट 107.6 किलोमीटर लंबा है। दूसरा खंड तवाघाट से घाटियाबगढ़ तक 19.5 किलोमीटर तक डबल लेन सड़क का निर्माण कराया गया है। तीसरे खंड में घाटियाबगढ़ से लिपुलेख दर्रा तक 80 किलोमीटर तक पैदल मार्ग है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मई 2021 में इस सड़क के पहले हिस्से का उद्घाटन किया था। इससे यात्रा का समय पांच दिन से घटकर दो दिन हो गया। घाटियाबगढ़ से लिपुलेख तक की सड़क का निर्माण कार्य जारी है। इसे अब एक साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कैलाश मानसरोवर हिंदू, जैन और बौद्ध धर्म के लोगों के लिए आस्था का केंद्र है। श्रद्धालुओं का मानना है कि कैलाश पर्वत शिव का निवास स्थान है और मानसरोवर झील में देवी-देवता स्नान करते हैं। हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु इस यात्रा पर जाते हैं। सरकार की इस परियोजना से न केवल श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम होगी बल्कि उनकी सुरक्षा भी बढ़ेगी।

# गोपाल भैया ने कहा स्व० मेवालाल की शिक्षा के लिए सोच वटवृक्ष

वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** बाबागंज विकास खंड के मालाधर छत्ता के परमेश्वर प्रसाद मेवालाल पीजी कॉलेज में शिक्षण संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय मेवालाल वर्मा का जयंती समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमे राजा भैया के राजनीतिक दल जनतासत्तादल लोकतांत्रिक के द्वितीय राष्ट्रीय प्रमुख एम एल सी गोपाल भैया मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी ने संस्थापक स्व मेवालाल वर्मा के चित्र माल्यार्पण के बाद उपस्थित छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही विकास की जननी है जो स्व. मेंवालाल वर्मा की सोच मे आज भी जनता के सामने है। मेवालाल जी की सोच बहुत ही दूरदर्शी थी उन्होंने अति सुदूर ग्रामीण क्षेत्र मैं शिक्षा की जो नींव रखी जो आज वटवृक्ष के रूप में हमारे बीच मौजूद है।

गोपाल भैया ने विद्यालय के प्रबंधक जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल के कार्यों की प्रशंसा स्वीकृति कहा कि कुलदीप पटेल के प्रयास से आज गरीब बच्चों को उत्तम शिक्षा मिल रही है इस दौरान समारोह को जनसत्ता दल के प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने संबोधित करते हुए कहा की विद्यालय से अनेक प्रतिभाएं निकाल कर क्षेत्र और समाज का नाम रोशन कर रहे हैं इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत, सरस्वती, वंदना दहेज पर आधारित नाटक माता-पिता, भक्ति गीत आदि पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

इस दौरान ब्लाक प्रमुखपति रामजस सरोज, पूर्व प्रमुख हितेश प्रताप सिंह पंकज, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला बबलू, लल्ला तिवारी पहिलेपार, विनीत पांडेय रामनगर, पवन सिंह धनगढ, कुंवर साहब सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष ओमानंद द्विवेदी जिला पंचायत सदस्य दिलीप पांडेय, धनंजय सिंह, मनोज सिंह प्रांजल त्रिपाठी छात्रनेता, नेता राकेशसिंह, बृजेश चंद, संजीव कुमार शिक्षक अरविंद कुमार यादव, सौरभ नेता, फरीद खान, मनोज यादव, प्रधान सुनील कुमार द्विवेदी पप्पू, राजेश पांडे, राम आसरे पांडेय, दशरथ पटेल प्रबन्धक छोटे लाल यादव, पत्रकार संघ अध्यक्ष कुंडा रुपेंद्र शुक्ला समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग और छात्र, छात्राएं मौजूद रहे।

## दो बाईकों की आमने-सामने की भिड़ंत, तीन घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के मेन बस स्टैंड पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने तीनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी है। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

जनपद बागपत के रमाला थाना क्षेत्र के गांव असारा निवासी अरमान पुत्र तनवीर अपने साथी नावेद पुत्र मजीद के साथ अपनी बाइक पर सवार होकर कस्बे में किसी कार्य से आ रहा था। जैसे ही दोनों बाइक सवार कस्बा एलम के मेन बस स्टैंड पर पहुंचे तो कस्बे की ओर से बाइक पर सवार होकर जा रहे युवक जावेद पुत्र इस्लाम निवासी जौंला थाना कोतवाली बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दोनों बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में तीनों युवक घायल हो गए।

# ड्राइवर को नींद की झपकी आने पर मकान में जा घुसा ट्रक बैठक में सो रहे ग्रामीण की मौत

वेलकम इंडिया



**बिजनौर।** हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव अम्हेड़ा में चालक को नींद की झपकी आ जाने से ट्रक दूसरी साइड की ओर जा पहुंचा और अनियंत्रित होकर एक मकान में जा घुसा। वहां बैठक में बैठे इंद्र सिंह की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव अम्हेड़ा में इंद्र सिंह बिजनौर, मुरादाबाद हाईवे मार्ग के किनारे बनी अपनी बैठक कक्ष में सो रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार रात करीब 11 बजे नूरपुर से बिजनौर की ओर जा रहे एक ट्रक चालक को नींद की झपकी आ गई। ट्रक अनियंत्रित होकर मकान की दीवार को तोड़ता हुआ बैठक में जा घुसा।

वहा सो रहे इंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो। बेकाबू ट्रक ने बिजली का खंभा, पशुशाला व छुट्टन सिंह का बाथरूम भी तोड़ दिया।

ग्रामीणों के अनुसार ट्रक चालक को यह नहीं पता चला कि वह दूसरी साइड कैसे पहुंचा। ट्रक की मकान से टकराने की तेज धमाके की आवाज सुनकर लोग अपने घरों से हड़बड़ाहट में बाहर निकले और घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।

लोगों ने पास ही स्थित पुलिस चौकी को सूचना दी। पुलिस ने आकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया है। पुलिस ट्रक व चालक और परिचालक को अपने साथ थाने ले गई।

# यात्रियों का सामान, ज्वैलरी चोरी करने वाले गैंग के छह शातिर पुलिस ने दबोचे



**आगरा।** आगरा में बसों के अंदर से यात्रियों का कीमती सामान व ज्वैलरी चोरी करने वाले छह बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा है। ये बदमाश ज्वैलरी चोरी करने के बाद फिरोजाबाद के एक ज्वेलर को बेच दिया गरते थे। पुलिस ने सभी के खिलाफ कार्रवाई की है और ज्वेलर के खिलाफ भी कार्रवाई करने जा रही है। थाना बसई अरेला पुलिस के साथ घटना का खुलासा करते हुए एसीपी पिनाहट वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इनकी गिरफ्तारी अरनोटा से की गई है। आज सूचना मिली कि आगरा से आ रही एक प्राइवेट बस में कुछ संदिग्ध बैठे हैं। अरनौटा पर पुलिस ने इस बर को रुकवाई तो छह शातिरों को अरेस्ट किया गया। इन सभी को थाने लाया गया और पूछताछ की गई तो इन्होंने बसों से चोरी किए जाने की 16 वारदातें कबूल की हैं। 5 व 17 जनवरी को बसों से चुराई गई ज्वेलरी के मामले में मुकदमे दर्ज हुए थे। पुलिस ने इनके पास से दो अंगूठी, एक मांग टीका, एक जोड़ी झुमकी और 16740 रु कैश बरामद किया है। एक मोबाइल और 2500 रुपये अलग से बरामद हुए हैं। चोरी की ज्वैलरी को ये लोग को ये फिरोजाबाद के एक ज्वेलर को बेचते थे। पुलिस उसके खिलाफ भी कार्रवाई कर रही है।

# आगरा में आज रात्रि 10 बजे से 22 सितम्बर तक रहेगा रूट डायवर्ट

**आगरा।** पुरानी मण्डी चौराहा पर मेट्रो रेल परियोजना के अन्तर्गत भूमिगत टनल निर्माण कार्य के दृष्टिगत, पुरानी मण्डी चौराहा होकर जाने वाले तथा आने वाले सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन रहेगा प्रतिबन्धित। अरुण चंद, अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) कमिश्नरेट अरुण चन्द ने अवगत कराया है कि पुरानी मण्डी चौराहा पर मेट्रो रेल परियोजना के अन्तर्गत, भूमिगत टनल निर्माण कार्य के दृष्टिगत पुरानी मण्डी चौराहा होकर जाने वाले तथा आने वाले सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। इन वाहनों का 13 सितम्बर (रात्रि 10:00 बजे) से 22 सितम्बर तक निम्न प्रकार से डायवर्जन किया जायेगा। जिसके क्रम में ताजव्यू चौराहा से पुरानी मण्डी चौराहे की तरफ आने वाले समस्त प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। होटल हावर्ड प्लाजा तिराहा से पुरानी मण्डी चौराहे की तरफ आने वाले समस्त प्रकार के वाहनों का, आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। तथा फूल सैय्यद चौराहा से पुरानी मण्डी चौराहे की तरफ आने वाले समस्त प्रकार के वाहनों का आवागमन पर प्रतिबन्धित रहेगा। इसी क्रम में विक्टोरिया पार्क तिराहा से पुरानी मण्डी चौराहे की तरफ आने वाले समस्त प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। विक्टोरिया पार्क तिराहा से पुरानी मण्डी चौराहा होकर माल रोड एंव फतेहाबाद रोड की तरफ जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन विक्टोरिया पार्क तिराहा से अमर सिंह गेट तिराहा, बालूगंज चौकी चौराहा, करियप्पा चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। ताजव्यू चौराहा से पुरानी मण्डी चौराहा होकर आगरा फोर्ट / यमुना किनारा की और जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन चाजव्यू चौराहा से अमर होटल, फूल सैय्यद चौराहा, करियप्पा चौराहा से होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगें। होटल हावर्ड प्लाजा व फूल सैय्यद चौराहा से पुरानी मण्डी चौराहा होकर आगस फोर्ट / यमुना किनारा की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन करियप्पा चौराहा से होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगें।

# इनर व्हील क्लब ऑफ लखनऊ में आधिकारिक चेयरमैन यात्रा का आयोजन



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इनर व्हील क्लब ऑफ लखनऊ ने गोल्फ क्लब, लखनऊ में आधिकारिक चेयरमैन यात्रा 2024-25 का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्मृति अग्रवाल द्वारा स्वागत भाषण, सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष संगीता मित्तल और जिला अध्यक्ष आशा अग्रवाल का कॉलरिंग किया गया। कार्यक्रम में क्लब की गतिविधियों पर चर्चा की गई, और क्लब की पत्रिका, जिसे क्लब की संवाददाता शिल्पा अग्रवाल द्वारा डिजाइन किया गया था, का विमोचन जिला अध्यक्ष आशा अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर एक चैरिटी परियोजना प्रस्तुत की गई और जिला अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने संबोधन किया। कार्यक्रम का समापन क्लब की अध्यक्ष संगीता मित्तल द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

# तहसील सभागार में आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की ओर से तहसील सभागार में आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्राथमिक उपचार और बाढ़ से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

सोमवार को तहसील में एनडीआरएफ गदरपुर उत्तराखंड के सहायक कमांडेंट सुनील कुमार के नेतृत्व में निरीक्षक प्रमोद कुमार, उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, विनोद कुमार, हेड कांस्टेबल हरीश, कांस्टेबल रणजीत, पवित्रा और रीना ने अभियान में आपदा के दौरान कैसे सुरक्षित रहें, घायलों को प्राथमिक उपचार कैसे दें, तथा बाढ़ जैसी आपदाओं के दौरान बचाव और राहत के प्रभावी तरीके क्या हो सकते हैं के विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। एनडीआरएफ के विशेषज्ञों ने लोगों को यह भी सिखाया कि आपदा के समय घबराने के बजाय सही रणनीति अपनाकर जान-माल की हानि को कैसे कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आपदा के दौरान, सीपीआर देकर किसी घायल व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा दी जा सकती है।

कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और उन्होंने आपदा प्रबंधन के बारे में प्रश्न कर विभिन्न जानकारी प्राप्त की। एनडीआरएफ के जवानों ने लोगों के सवालों का जवाब दिया और उन्हें आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कुमार गौरव, नायब तहसीलदार अमित कुमार, कानूनगो सोमपाल, लेखपाल जहीरुद्दीन, सरिता पाल और प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों की ओर से हुआ मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

**कांधला।** गांव ताहिरपुर भभीसा में हुए खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक महिला सहित दोनों पक्षों के आठ लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव ताहिरपुर भभीसा में शनिवार की देर शाम कर्मबीर पुत्र तिलकराम व कंवरपाल इन्द्राज के परिजनों में आपसी विवाद के बाद खूनी संघर्ष हो गया था। जिसमें कवंरपाल पुत्र इन्द्राज ने थाने में तहरीर देते हुए आरोपी लगाया था कि शनिवार की शाम लगभग पांच बजे उसके घर पर रोहित, शिवम, रामबहार, राहुल पुत्रगण कर्मवीर व मौसम पत्नी कर्मवीर पहुंचे तथा उसके साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौच करने लगे। विवाद के दौरान राहुल ने उसके सिर पर सरिये से वार कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा होने पर उसकी पत्नी रूमा देवी, बेटी प्रीति व डिम्पल मौके पर पहुंची तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी अभद्रता करते हुए मारपीट करते हुए उन्हें घायल कर दिया। पीडित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। वही दूसरी और कर्मबीर पुत्र तिलकराम ने थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि शनिवार की शाम गांव निवासी रमेश, कवरपाल पुत्रगण इन्द्राज व कैलाश पुत्र भागमल उसके घर पर पहुंचे तथा उसके पुत्र राहुल के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर शराबा होने पर उसके पुत्र रोहित, शिवम व रामबहार तथा उसकी पत्नी मौसम ने मौके पर आकर बीच बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट करते हुए उन्हें गंभीर रूप से घायल करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीडितों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ एक महिला सहित आठ लोगों के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है।

## रेंजर्स में सेवा की भावना होनी चाहिएः प्रमोद कुमारी

वेलकम इंडिया



**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेंजर्स का पांच दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमारी के द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। रेंजर्स छात्रा शाहीन, अर्शी एवं साहिबा, बी ए द्वितीय वर्ष द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया। स्वागत गीत रेंजर्स छात्र मेहविश, इकरा एवं इजना बीए द्वितीय वर्ष के द्वारा प्रस्तुत किया तथा कुलगीत की प्रस्तुति रेंजर्स महविश, शाहीन एवं जैनब द्वारा दी गई। महाविद्यालय की प्राचार्य के द्वारा स्काउट गाइड ध्वजारोहण के उपरांत झंडा गीत एवं प्रार्थना का सामूहिक गायन करते हुए ध्वज को नमन किया गया। रेंजर्स प्रभारी डॉक्टर अंकिता त्यागी द्वारा प्राचार्या का औपचारिक स्वागत पौधा भेंट कर और रेंजर्स प्रशिक्षक गीता रानी द्वारा स्कार्फ पहनाकर किया। इसके पश्चात कुलगीत का गायन रेंजर्स के द्वारा किया गया।

रेंजर्स प्रभारी द्वारा पांच दिवसीय रेंजर शिविर प्रशिक्षण शिविर की रूपरेखा का वाचन किया गया। जिसमें उन्होंने पांच दिवस में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य के अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने बताया कि रेंजर शिविर छात्राओं को कर्तव्य परायणता, अनुशासन, देशभक्ति, मितव्ययिता, सहयोग, करुणा आदि की भावना विकसित करके उन्हें देश के सुयोग्य नागरिक बनाने में सहायक है।

# आधा दर्जन से अधिक किसानों के नलकूपों पर चोरी, रोष

वेलकम इंडिया





**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव चढ़ाव और गढ़ी दौलत के जंगलों में किसानों की आधा दर्जन से अधिक चोरों ने नलकूपों को अपना निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित किसानों ने रोष प्रकट करते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र में कई दिनों से चोरों ने आतंक मचा रखा है। रविवार की रात्रि थाना क्षेत्र के गांव चढ़ाव निवासी किसान बबलू, सतपाल, पीतांबर एवं गांव गढ़ी दौलत निवासी किसान सबदर, खुर्शीद, जमशेद व गुफरान ने अपने खेतों पर सिंचाई करने के लिए नलकूप लगा रखे हैं और बिजली के यंत्रों की सुरक्षा के लिए कमरों का निर्माण कर रखा है।

पीड़ित किसानों के द्वारा बताया गया कि उनके नलकूपों पर चोरों ने धावा बोलते हुए कमरे की दीवार तोड़कर उपकरण चोरी कर लिए। सोमवार सवेरे जैसे ही पीड़ित किसान अपने खेतों पर पहुंचे तो उनके खेतों पर बने कमरों की दीवार टूटी हुई थी और बिजली के उपकरण चोरों ने चोरी कर ले गए थे। आधा दर्जन से अधिक किसानों के नलकूपों पर हुई चोरी की घटना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल करते हुए चोरों की तलाश की मगर चोरों का कहीं भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित किसानों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि लगातार क्षेत्र में किसानों के नलकूपों पर चोरों के द्वारा चोरी की घटना की जा रही है। पीड़ित किसानों ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

# मादक पदार्थों की तस्करी कर रही महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**कांधला।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गंगेरू मार्ग से नशीले पदार्थों की तस्करी कर रही एक महिला तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से मादक पदार्थ बरामद कर अभियोग दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। एसपी शामली राम सेवक गौतम ने सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र से नशीले पदार्थों की रोकथाम करने एवं तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के निर्देश दे रखे हैं। सोमवार सवेरे पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि क्षेत्र के गंगेरू मार्ग स्थित गढ़ी दौलत मोड़ के निकट का महिला मादक पदार्थों की तस्करी करने वाली है। मुखबिर के बताए गए स्थान पर उपनिरीक्षक नरेंद्र वर्मा पुलिस टीम के साथ पहुंचे पुलिस को एक महिला आती दिखाई दी जब पुलिस टीम ने रोकने का इशारा किया तो महिला तस्कर भागने का प्रयास करने लगी। पुलिस टीम ने भाग दौड़ करते हुए महिला को पकड़ लिया जिसके कब्जे से 500 ग्राम चरस बरामद हुई।

# बसंत पंचमी सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर महिलाओं व बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया




**लखनऊ।** वैश्य समाज सेवा उत्तर प्रदेश एवं हिंदू महिला सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में लाटूश रोड स्थित होटल शिमला पैलेस में बसंत पंचमी सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर महिलाओं व बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र गुप्ता शिमला परिवार ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना, आरती व माल्यार्पण कर की।

उन्होंने बताया की इन दोनों संस्थाओं द्वारा समय पर विभिन्न कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहते है तथा गरीब व जरूरतमंद लोगों को सहायता भी प्रदान की जाती रहती है, यह सब संस्था के कार्यकताओं द्वारा सहयोग करने से ही सम्भव हो पाता है। कार्यक्रम का संचालन हिंदू महिला सेवा समिति की संचालन मंत्री रीता नाथ ने बहुत ही सुव्यवस्थित तरीके से किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी मोहन दुबे उपस्थित रहें। महिलाओं व बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर नृत्य व संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें वहां पर उपस्थित सभी लोगों का मन मंत्र मुक्त हो गया और लोगों ने उत्साहवर्धन में तालियों की गड़गड़ाहट से पूरे हाल को भर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओ व पत्रकारों को वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र गुप्ता शिमला परिवार द्वारा उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में दोनों संस्थाओं के अध्यक्ष तथा सभी पदाधिकारी एवं समाज के अन्य लोग भी उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से राजेश गुप्ता ग्रीन बेरी वर्ल्ड स्कूल, पत्रकार रामकृष्ण मिश्रा, रोहित गुप्ता, हिंदू महिला सेवा समिति की अध्यक्ष आयुषी गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय लक्ष्मी, उपाध्यक्ष निर्मला मिश्रा, उपाध्यक्ष शालिनी त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पुष्पा गुप्ता, बबिता चैरसिया, पत्रकार अर्चना कश्यप, उपाध्यक्ष सोनू मिश्रा, गोपाल चित्र शाला महेश गुप्ता, शिवा दुबे, बबिता चैरसिया, जय श्री प्रिया गुप्ता, दीपराज मिश्रा, उषा अग्निहोत्री, सुरेश चंद्र मिश्रा, किरण गुप्ता, सुमन जायसवाल सदस्य वंदना त्रिपाठी, सदस्य दीपमाला साहू, सदस्य हेमा जोशी, अन्नपूर्णा द्विवेदी, मीडिया प्रभारी रोहित तिवारी, आजरा, रुचिका अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे। महामंत्री इन्दिरा उपाध्याय ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने प्रसाद गृहण किया।

# प्रयागराज में कवरेज के दौरान हुई पत्रकार के साथ अभद्रता, कार्यवाही की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** भारतीय मीडिया महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुल्तान आब्दी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन जिसमें बताया कि वरिष्ठ पत्रकार विपिन चौबे जो की देश के एक प्रतिष्ठित न्यूज चैनल के संवाददाता है। प्रयागराज के पीएम हॉउस मोतीलाल नेहरू कॉलेज में न्यूज कवरेज कर रहे थे जिस दौरान वहां पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक कर्मी के द्वारा उनको न्यूज कवरेज करने से रोका गया और उनके साथ अभद्रता करते हुए उनको गिरफ्तार करने की धमकी भी दी गई जो अत्यंत गलत कार्य है मौजूद कर्मियों के द्वारा देश के चौथे स्तम्भ को दबाने का प्रयास किया गया वो भी अनैतिक रूप से हैं ।जिसकी भारतीय मीडिया महासंघ झांसी इकाई घोर निंदा करता है और मांग करता है की वरिष्ठ पत्रकार के साथ अभद्रता करने वाले पुलिस एवं प्रशासनिक कर्मी के साथ शख्त से शख्त कार्यवाही करते हुए उनको तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए जिंससे की आगे से भविष्य में कोई भी अफसरशाही दिखाते हुए मीडिया के साथ ऐसी अनैतिक हरकत न करें जिससे की सरकार की भी छवि धूमिल हो दोषी पुलिस व प्रशासनिक कर्मी के खिलाफ उचित कार्यवाही न होने पर भारतीय मीडिया महासंघ झांसी इकाई देश के चौथे स्तम्भ की रक्षा के लिए धरने पर बैठने के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर भारतीय मीडिया महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुल्तान आब्दी, वरिष्ठ पत्रकार रामकुमार साहू प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश वर्मा, प्रदेश सचिव पुनीत श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष राकेश कुशवाहा, तहसील अध्यक्ष टहरौली संजय कुशवाहा, महानगर अध्यक्ष गौरव साहू, जिला मीडिया प्रभारी राशिद पठान, वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद सेफ, बृजेश परिहार ,परमेंद्र सिंह, मनीष अली जसवंत ठाकुर, सहित आदि पत्रकार साथी उपस्थित।

## देह व्यापार का हुआ था पदार्फाश, पीड़िता के दर्ज नहीं हुए बयान

गाजियाबाद। जनपद के कौशांबी में बीते महीने पुलिस ने देह व्यापार के आरोप में दो स्पा सेंटरों पर छापा मारा था। पुलिस ने नौ महिलाओं और तीन पुरुषों को पकड़ा था। पकड़ी गई आठ महिलाओं ने बताया कि स्पा सेंटर संचालक उनसे स्पा में नौकरी देने के नाम पर देह व्यापार करा रहा था। पुलिस ने महिलाओं के नाम-पते लेकर और मेडिकल कराकर छोड़ दिया, जबकि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की तरफ से कोर्ट में दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान सामने आया कि पुलिस ने पीड़िताओं के बयान ही दर्ज नहीं किए। कोर्ट ने मामले में आरोपित को जमानत दे दी। कार्यवाहक एसीपी अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में कौशांबी पुलिस ने वैशाली सेक्टर-चार में माउंटेन स्पा एंड थेरेपी सेंटर पर छापा मारा था। मौके से केबिनों से पुलिस ने दो युवक व आठ महिलाएं पकड़ीं। काउंटर पर बैठी एक महिला और पुरुष को भी पकड़ा गया। आठ महिलाओं ने काउंटर पर बैठी महिला और पुरुष के बारे में पुलिस को बताया कि यह दोनों उनसे स्पा सेंटर में नौकरी के नाम पर देह व्यापार कराते हैं।

# भूसा मंडी में अवैध निर्माण पर कैंट बोर्ड का बुलडोजर गरजा



**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** सोमवार को भूसा मंडी स्थित मक्की विवाह मंडप में अवैध निर्माण की सूचना पर कैंट बोर्ड सीईओ ने तत्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये है। कैंट बोर्ड जेई के नेतृत्व में बुलडोजर लेकर पहुची लगभग एक दर्जन कर्मचारियों की टीम पुलिस फोर्स के साथ बंगला नंबर 201 शांति फार्म हाउस के पीछे मक्की मंडप पर पहुंची। मौके पर पहुंची टीम को देखकर अवैध निर्माण कर्ताओ में अफरातफरी मच गई और उन्होंने टीम को कार्रवाई करने से रोका गया तो मौके पर मौजूद पुलिस फोर्स ने सख्ती बरतते हुए अवैध निर्माण कताओं को खदेड़ना शुरू कर दिया ।इसी बीच कैंट बोर्ड द्वारा बुल्डोजर चला कर अवैध निर्माण पीलर गिराने शुरू कर दिए आपको बता दें इस अवैध निर्माण पर कैंट बोर्ड पहले भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर चुका है वहीं कैंट प्रसाशन ने साफ कर दिया है की अवैध निर्माण पर निरंतर कार्य वाही जारी रहेगी।

# सपा सांसद के एक आँशु गिराने से पुलिस तुरंत अपराधियों को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पहुँचे मिल्कीपुर के किसान इंटर कालेज भिटारी के मैदान में सपा प्रत्यासी अजीत प्रसाद के समर्थन में किया एक विशाल जनसभा को सम्बोधत।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर में एक चुनावी रैली के दौरान अवधेश प्रसाद सपा प्रमुख के सामने रो पड़े इस पर अखिलेश यादव ने कहा मैं आपका दर्द समझ सकता हूं हमारे सांसद ने जहां एक आंसू गिराया है पुलिस भाग कर अपराधियों को पकड़ लाई इसलिए इन्होंने इस बेटी को न्याय दिलाया महाकुंभ में कोई भाई को तो कोई बहन को खोज रहा है सरकार आज भी मरने वालों के आंकड़े नहीं दे रही है लापता लोगों की भी जानकारी नहीं दे पा रही है लोग वस्त्र से नहीं विचार से योगी होते हैं जो सत्य के रास्ते पर चले वही योगी है वह जो सत्य को छिपाए वह कभी योगी हो ही नहीं सकता कहते हैं की मृत्यु सबसे बड़ा सत्य है लेकिन कुछ लोग हैं जो मृत्यु पर भी झूठ बोल रहे हैं मैं कहता हूं कि अगर आप सत्य के रास्ते पर हैं तो काम करने वालों की जानकारी ही दीजिए मिल्कीपुर के हरिंगटन गंज के किसान इंटर कॉलेज मैदान में अखिलेश ने कहा किसी ने अपने रोने की रिकॉर्डिंग कराई थी सोचो एक न्यूज एजेंसी ने रिकॉर्डिंग की थी एक बार तो उन्होंने कैमरे के सामने ऐसी बात कही थी कि मैं कभी नहीं कह सकता अखिलेश ने कहा कि मिल्कीपुर का चुनाव ऐतिहासिक होने जा रहा है वैसे पिछले उपचुनाव के साथ ही चुनाव हो जाने चाहिए थे लेकिन भाजपा ने जानबूझकर चुनाव नहीं होने दिया मिल्कीपुर का चुनाव नहीं चुनौती है यह चुनाव जनता बनाम शासन होने जा रहा है यह चुनाव मतदाता और प्रशासन के बीच होने जा रहा है यह चुनाव न केवल अभी के परिणाम का संदेश होगा बल्कि आने वाले समय में राजनीति की क्या दशा होगी मिल्कीपुर से जाने वाला है मैं मिल्कीपुर आप लोगों से मिलने आया हूं लोग गिनती करके बता रहे थे कि मिल्कीपुर के परिणाम के वजह से लखनऊ वालों को नींद नहीं आ रही है जब से अयोध्या हारे हैं भाजपा के लोग सो नहीं पा रहे हैं।

# जेएमएस स्पोर्ट्स एकेडमी के छात्र देव एवं दिव्यजोत ने सीनियर राज्य स्तर पुरुष बास्केटबॉल प्रतियोगिता में लहराया परचम

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़**/गोरखपुर में आयोजित सीनियर राज्य स्तर पुरुष बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जेएमएस स्पोर्ट एकादमी के दो छात्रों देव एवं दिव्यजोत ने मंडल स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले के नाम का लहराया परचम ।आपको बता दें कि 23 जनवरी से 26 जनवरी 2025 तक गोरखपुर में आयोजित सीनियर राज्य स्तर पुरुष बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मेरठ मंडल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

जिसमें जेएमएस स्पोर्ट्स एकेडमी हापुड़ के देव ने अपने हापुड़ जिले का नाम रोशन किया। इसके साथ-साथ ही 28 जनवरी से 30 जनवरी 2025 तक गौतमबुद्ध नगर में आयोजित राज्य स्तर की सब जूनियर बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मेरठ मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें जेएमएस स्पोर्ट्स एकादमी हापुड़ के द्विजोत ने अपने जिले हापुड़ का नाम रोशन किया। इनके बास्केटबॉल कोच दीपांशु गर्ग ने बताया कि राज्य स्तर की सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मेरठ मंडल ने मिजार्पुर मुरादाबाद, कानपुर मंडल को हराया ।तथा सब जूनियर बालक बास्केटबॉल में गोरखपुर, अलीगढ़, आजमगढ़ बस्ती एवं आगरा मंडल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ निधि मलिक ने बताया कि जेएमएस वर्ल्ड स्कूल शिक्षण क्षेत्र में ही नहीं खेलो के क्षेत्र में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है। जिसमें क्रिकेट ,फुटबॉल ,बासकेटबॉल ,खो-खो वॉलीबॉल, शूटिंग ,कबड्डी आदि खेलों के प्रश ?क्षिको के माध्यम से खिलाड़ी को तैयार किया जा रहा है। जिससे वह अपने माता-पिता और देश का नाम रोशन कर सके ।स्कूल के प्रबंधकथ डॉ आयुष सिंघल ने बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर घर में घुसकर पिता से मारपीट

**गाजियाबाद।** विजयनगर क्षेत्र में युवती से मनचलों ने छेड़छाड़ की। युवती के पिता ने विरोध किया तो आरोपियों ने घर में घुसकर उनसे मारपीट की। पिता ने विजयनगर थाने में चार युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार युवती के पिता ने शिकायत दी है कि उनकी बेटी शनिवार को बालकनी में खड़ी थी। कॉलोनी में रहने वाले राहुल, हिमांशु, दीपक और विशाल भी नीचे खड़े थे। आरोप है कि युवक उनकी बेटी को अश्लील इशारे कर रहे थे। इसका उन्होंने और बेटी ने विरोध किया तो आरोपी घर में घुसकर उनके साथ मारपीट करने लगे। पीड़ित के भतीजे ने बीच बचाव किया तो उसे भी पीटा गया। शिकायत करने के लिए जब वह थाने जाने लगे तो उन पर आरोपियों ने फिर से हमला कर दिया और उनका हाथ तोड़ दिया। पीड़ित का कहना है कि उनके बाएं हाथ में चोट लगी है। एसीपी का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## वैस्टर्न रोड पर हाई स्पीड बाईक स्टंट से स्थानीय लोग परेशान, सदर व यातायात पुलिस से सुरक्षा की मांग

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** सदर पुलिस व कैंट प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाने व कार्रवाई की मांग करने को लेकर सोसल मीडिया पर विडियो डाला गया है शिकायत कर्ता वैस्टर्न रोड निवासी हेमदत शर्मा ने बताया मेरठ कैंट स्थित वार्ड नंबर छः वैस्टर्न रोड एमपीएस स्कूल के पीछे के रोड पर लडके बाईक से स्टंट व हाई स्पीड से अपने वाहन चलाते देखे जा सकते है तथा रोड पर अपनी गाड़ी खड़ी कर शराब पीते हैं। आस-पास के लोग काफी परेशान हैं। उन्होंने बताया इस रोड पर कोई भी स्पीड ब्रेकर नही है। स्टंट बाजी व तेज गति वाहनों की वजह से हमेशा एक्सीडेंट की संभावना बनी रहती है तथा आस-पास के लोग सड़क पर चलने से घबराते हैं उन्होंने सदर पुलिस व यातायात पुलिस से मांग की है इस रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाए जायें ।

# चाइनीज मांझे के विरुद्ध चलाया चेकिंग अभियान दोपहिया वाहन चालकों को बचाव के बताए टिप्स

**वेलकम इडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के आदेश अनुपालन में हापुड़ पुलिस ने जिले में एक सप्ताह में चाइनीज मांझे से बाइक सवारों के साथ हुई दो घटनाओं को लेकर चेकिंग अभियान किया शुरू।

इसी क्रम में बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने अपनी तेज तर्रार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चाइनीस मांझे की बिक्री करने को लेकर दुकानों पर छापामार कार्रवाई की जिसमें किसी भी दुकान पर चाइनीज मांझा नहीं मिला। साथ ही सड़क से गुजरने वाले दो पहिया वाहन चालकों को भी चाइनीज मांझे से बचाव को लेकर टिप्स बताए गए। और लोगों से अपील की गई है कि यदि कहीं भी चाइनीज मांझे की बिक्री की जा रही है। तो उसकी सूचना वह तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा।

# चाईनीज मांझे को लेकर एसडीएम ने की दुकानों पर छापेमारी, दी कडी चेतावनी

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**(हापुड़)** प्रतिबंधित चाइनीस मांझे की वजह से हो रहे हादसों के चलते हापुड़ सदर एसडीएम अंकित कुमार वर्मा ने शहर की कई दुकानों पर औचक छापेमारी की, इस दौरान कहीं भी चाईनीज मांझा कोई भी दुकानदार बेचता नहीं पाया गया। एसडीएम अंकित कुमार वर्मा ने बताया कि चाईनीज मांझा शासन-प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित किया गया है इसे बनाने में कांच के बरूदे का इस्तेमाल किया जाता है जिससे ये जानलेवा हो जाता है सतर्कता के चलते आज शहर में पतंग व मांझा बेचने वाले दुकानदारों के यहां औचक छापेमारी की गई लेकिन मौके पर कहीं भी कोई भी दुकानदार चाइनीस मांझा बेचते नहीं पाया गया ना ही कोई स्टॉक मिला, और सभी दुकानदार को निर्देशित किया गया है कि चाइनीस मांझा पूर्णतय प्रतिबंधित है इसको ना खरीदें और ना ही बेचे। इस मांझे की वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं।

## तेज रफ्तार कार ने महिला को मारी टक्कर, घायल

**गाजियाबाद।** विजय नगर क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने एक महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पति ने कार चालक से विरोध जताया तो चालक ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस के अनुसार विजयनगर सेक्टर-10 के ब्रह्मपुत्र एंक्लेव में रहने वाले मिंडा चौधरी ने शिकायत दी है कि वह और उनकी पत्नी कौलेशरी देवी ठेकेदार सूरज चौधरी के साथ एक सोसाइटी में काम करते हैं। 27 जनवरी को उनकी पत्नी ड्यूटी खत्म कर घर लौट रही थी। इस दौरान गौड़ ग्लोबल स्कूल के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी पत्नी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। मिंडा चौधरी के अनुसार उन्होंने कार चालक को पकड ? का प्रयास किया तो उसने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। कार चलाने वाला कॉलोनी में ही रहने वाला वैभव था।

# मित्र ने ही अपने साथियों के साथ बंबा में धक्का देकर की थी युवक की हत्या, पुलिस ने दो किये गिरफ्तार, भेजे जेल

**वेलकम इंडिया**



**सादाबाद।** अवगत कराना है कि दिनांक 5 जनवरी 2025 को वादी कप्तान सिंह पुत्र प्रमचंन्द निवासी बुर्ज धानौटी थाना सादाबाद जनपद हाथरस द्वारा लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि दिनांक 3 जनवरी को शाम को वादी के भाई हरेन्द्र(मृतक) के पास अभियुक्त सन्जू उर्फ संजय कुमार का फोन आया और बम्बे पर बुलाया था ।जिसके बाद वादी का भाई बम्बे पर चला गया था, उसके बाद उसका भाई वापस नही आया था ।तथा दिनांक चार जनवरी को वादी के भाई का शव बम्बे मे पडा हुआ मिला था ।अभियुक्त संजू उर्फ संजय कुमार द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वादी के भाई की हत्या कर दी है ।उक्त सूचना के आधार पर थाना सादाबाद पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया ।मृतक की पोस्टमोर्टम रिपोर्ट मे मृत्यु का कारण अल्लशे-ङ्की श्री ऊ१ङ्क६ल्लत्रल्लॅ होना आया है ।पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना सादाबाद को निर्देशित किया गया था थाना सादाबाद पुलिस द्वारा 2 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया है ।पुलिस ने सन्जू उर्फ संजय कुमार पुत्र विजेन्द्र सिंह और धर्मेन्द्र पुत्र प्रताप सिंह निवासी नगला फत्ता थाना सादाबाद जिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार अभियुक्त संजू उर्फ संजय कुमार द्वारा पूछताछ मे अपने जुर्म का इकबाल करते हुए बताया कि वह और हरेंद्र (मृतक) दोनो मित्र थे ।

## ओलंपियाड में श्रीराम यूनिवर्सल स्कूल बहबलपुर के छात्र साहित्य कुमार सिंह को मिला गोल्ड मेडल

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा /हिसार।** श्रीराम युनिवर्सल स्कूल बहबलपुर के कक्षा तीन के मेधावी विद्यार्थी साहित्य कुमार सिंह को ओलंपियाड में गोल्ड मेडल मिला हैं साहित्य कुमार सिंह ने स्कूल में प्रथम और जिला स्तर पर 40 वां रैंक तथा हरियाणा जोन में 460 वां प्राप्त किया है इसके अलावा विद्यार्थी साहित्य कुमार सिंह ने रीजन नार्थ इंडिया में 1054 वां और इंटरनेशनल रैंक 1443 वां प्राप्त किया है। इस विजेता विद्यार्थी का स्कूल में पहुंचने पर स्कूल के डायरेक्टर और प्रिंसिपल समेत समस्त स्टाफ द्वारा स्वागत किया गयो स्कूल के डायरेक्टर मानव सिंहल ने कहा कि विश्व स्तर पर आयोजित ओलंपियाड प्रतिस्पर्धा में श्रीराम यूनिवर्सल स्कूल बहबलपुर के तीन बच्चों ने भाग लिया।

# फ्लैट ओनर फेडरेशन और जीडीए की बैठकें प्रतिमाह आयोजित की जायेंगी: कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सोमवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सभागार में फ्लैट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के साथ एक बैठक की। बैठक में वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी के नेत्रत्व में प्रेम शंकर सिंह, आई सी जिंदल, एम एल वर्मा, ज्ञान सिंह, वन्दना जोशी, नमिता भल्ला, संध्या त्यागी, गणेश दत्त, कर्नल मुकेश त्यागी, चंदन सिंह, मंजू घई, प्रवेश त्यागी, राजकुमार त्यागी, प्रमोद कुमार, कपिल कुमार त्यागी, तरुण चौहान, अभय कुमार व गौरव बंसल आदि ने गाजियाबाद के इंदिरापुरम, वसुंधरा मोहननगर, कविनगर और सिटी जोन से भाग लिया।

बैठक में फ्लैट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद के चेयरमेन कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने जीडीए के उस कथन पर सवाल उठाया जिसमें उन्होंने कहा है कि सोसायटियों में एसोसिएशन बन जाने के बाद जीडीए कोई एक्शन नहीं लेगा। उन्होंने कहा यदि सरकारी संस्थाएं भी इस तरह मुंह मोड़ लेंगी तो सोसायटियों की समस्याओं का समाधान कैसे सम्भव है। यू पी अपार्टमेंट की नियमावली की धारा 48 के अनुसार प्रत्येक एसोसिएशन को फेडरेशन का सदस्य बनना है और उसके निदेर्शों का पालन करना है। उन्होंने जीडीए के उपाध्यक्ष से कॉम्पिटेंट ऑफिसर होने के नाते इसकी संस्तुति के लिए कहा। कर्नल त्यागी ने कहा कि आधे से ज्यादा मामले सोसायटियों में एसोसिएशन के आपसी झगड़ों के हैं। डिप्टी रजिस्ट्रार को जमीनी हकीकत की जानकारी नहीं है इसलिए वो किन्हीं भी दो चार लोगों की शिकायत पर सोसायटियों के अकाउंट्स पर दोबारा ऑडिट करवाने के आदेश दे देते हैं जिससे खर्च और बढ़ जाता है और बोझ फ्लैट ऑनर्स पर पड़ता है। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा कि मेरे पास जुमार्ना वसूलने का और जेल भेजने का अधिकार नही है। उन्होने यह भी बताया की यूपी अपार्टमेंट एक्ट मे बदलाव के ऊपर राज्य स्तर पर तेज गति से काम चल रहा है। बैठक में गुलमोहर एंक्लेव मैं बने अवैध कमरे और खेलने वाले पार्क में बनाई गई अवैध किचिन, महागुण पुरम, नील पदम, क्रॉसिंग रिपब्लिक, राजनगर एक्सटेंशन, इंदिरापुरम, सी ब्लॉक गोविंदपुरम, वैशाली में के आर मंगलम स्कूल का अतिक्रमण, सामुदायिक भवन बनाने की मांग, क्रॉसिंग रिपब्लिक में रख रखाव शुल्क और अतिक्रमण का मुद्दा आदि समस्याओ को उठाया गया। जीडीए के वीसी ने सभी समस्याओं ध्यान देने और प्रतिमाह फेडरेशन के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया और यह सुझाव भी दिया की आज के बाद समस्याओ के साथ समाधान भी बताया जाये।

## कुष्ठ रोग के बारे में लोगों को किया जागरूक

**गाजियाबाद।** स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सोमवार को डीएन पब्लिक स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मलेरिया अधिकारी ज्ञानेन्द्र मिश्रा ने उपस्थित लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी और अपील कि ऐसे रोगियों के साथ भेदभाव नहीं करें, साथ ही अगर उनके आसपास इस तरह के मरीज हैं तो स्वास्थ्य विभाग से सम्पर्क कर उनके उचित इलाज की व्यवस्था कराएं। यह छुआछूत की बीमारी नहीं है। एमडीटी दवा खाने से कुष्ठ रोग जड़ से मिट जाता है। इसीलिए लोग इसे उपयोग करें और कुष्ठ से लक्षण अगर दिखे तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। मुफ्त में इसका इलाज किया जाता है। लोगों को समझाया गया कि कुष्ठ रोग एक दीर्घकालीन संक्रामक रोग है। यह माइकोबैक्टेरियम लेप्री नामक जीवाणु से फैलता है। यह रोग हाथों, पैरों की परिधीय तंत्रिका, त्वचा, नाक की म्यूकोसा और श्वसन तंत्र के ऊपरी हिस्से को प्रभावित करता है।

# 2025-26 का केंद्रीय बजट युवा भारत के सपनों को साकार करने वाला बजट है: संजीव शर्मा





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विधायक संजीव शर्मा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शनिवार को पेश 2025-26 के केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों, विकसित भारत व युवा भारत के सपनों को साकार करने वाला बजट है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐतिहासिक केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया है। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने वाला ऐसा बजट है, जो अर्थव्यवस्था को तो गति देगा ही, साथ ही गरीब, किसान, महिला, युवा और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण पर भी केंद्रित है। यह बजट समाज के हर वर्ग को नई दिशा व दशा प्रदान करने का काम करेगा और देश को शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनाएगा। आम बजट में आयकर में छूट को 12 लाख होना मध्यम वर्ग के लिए बहुत शानदार है विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि ऐसे शानदार बजट के लिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का समस्त प्रदेश व देशवासियों की तरफ से हार्दिक आभार प्रकट करते हैं।

## वेलकम इंडिया



इस बजट में किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़कर रू 5 लाख कर दी गई है, यह बजट मध्य वर्ग के लिए बहुत बड़ी राहत देने वाला बजट है आयकर छूट की सीमा को रू 12 लाख तक ले जाकर मध्य वर्ग को बहुत बड़ी राहत दी है। इस बजट में एमएसएमई का भी बहुत ध्यान रखा गया है, इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।
**-आशु वर्मा पूर्व मेयर गाजियाबाद**

## वेलकम इंडिया



जिलाधिकारी महोदय श्री दीपक मीणा आईएएस जनसुनवाई करते हुए, इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट श्री सन्तोष कुमार भी उपस्थित रहे।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में 7 वा फुटबॉल कप टूनार्मेंट का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय इंटर स्कूल सुरेविन 7 वा फूटबाल कप 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें सीबीएसई हब ऑफ लर्निंग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्कूलों बाल जगत सर सेकेंडरी स्कूल( गाजियाबाद) ,डीपीएस हरित केंपस( गाजियाबाद), एमडी पब्लिक स्कूल (गाजियाबाद) , टी एन एम अकैडमी (गाजियाबाद) , सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल (निवाड़ी) ,सैंट टैरेसा अकैडमी (मोदीनगर) , के 14 व 17 आयु वर्ग बालक की सात टीमों ने भाग लिया। इस फुटबॉल टूनार्मेंट में आयु वर्ग-17 बालक में टी एन एम अकैडमी (गाजियाबाद )ने प्रथम स्थान ,सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल (निवाड़ी) ने दूसरा स्थान व सेंट टेरेसा (मोदीनगर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयु वर्ग- 14 बालक में टी एन एम अकैडमी (गाजियाबाद) ने प्रथम स्थान, बाल जगत सर सेकेंडरी स्कूल (गाजियाबाद) ने द्वितीय स्थान व सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल (निवाड़ी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस टूनार्मेंट के निर्णायक मंडल में चीफ रेफरी की भूमिका श्री अभिषेक सैनी व पवन यादव ने निभाई। टूनार्मेंट के समापन में स्कूल प्रबंधक तुषार गुप्ता, डॉ शिखा दरबारी, व स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु ने छात्रों को मेडल व ट्रॉफी प्रदान करते हुए भविष्य में इसी तरह विजेता बने रहने की शुभकामनाएं दी व साथ ही सुरेविन फुटबॉल टूनार्मेंट के संयोजक अभिषेक चौधरी व स्पोर्ट्स कमेटी को बहुत बधाई दी।

# गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज में बसंतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज में प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा की अध्यक्षता में डॉ. आकांक्षा सारस्वत व डॉ. सारिका गर्ग के संयोजन में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर ह्यबसंतोत्सवह्ण कार्यक्रम का आयोजन संगीत विभाग व शिवरंजिनी कल्चरल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीपप्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात संगीत विभाग की छात्राओं बरखा,पूजा,रानी,हर्षिता ने सरस्वती वंदना व बसंत राग में निबद्ध गीत प्रस्तुत कर वातावरण को संगीतमय व श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया । आज के पावन पर्व पर शिवरंजिनी कल्चरल क्लब में लिए गए संगीत वाद्धयों का पूजन किया गया क्योंकि बसंत पंचमी का दिन संगीत व विद्या का विशेष दिन माना जाता हैं। इस दिन संगीत कलाकार अपने वाधयों की पूजा करते है।

## गांव अबूपुर के जर्जर मार्ग को ठीक करने की मांग को लेकर धरना पांचवे दिन भी रहा जारी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन के तत्वावधान मे अबूपुर के जर्जर मुख्य मार्ग को लेकर धरना पांचवे दिन भी जारी रहा। संस्था के संस्थापक ईश्वर चंद्र एवं समाजसेवी हरेंद्र शर्मा लगातार अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे है। ईश्वर चंद्र ने बताया कि गांव के प्रधान पति कृष्णवीर जून क्षेत्रीय सचिव के साथ मौके का मुवायना कर चले गये कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया। युग शक्ति क्रांतिकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य प्रेम स्वरूप शुक्ला जी ने संगठन के दर्जनों पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ जोर सोर से समर्थन किया। सीमा शर्मा, नागेश कुमार, वीणा शर्मा नीलम, जयप्रकाश शर्मा, दीपक, अंकित शर्मा, राजीव शर्मा विलियम, गौरव, पंकज शर्मा, पूनम, आरती देवी, मोहित, भोला शंकर शर्मा, टीडी, उज्वल, हिमांशु, नितिन उमेश, गौतम, ओमकार, अमित अग्रवाल, विनय गर्ग मोनू, कपिल, रिजवान, सलमान आदि लोग उपस्थित रहे।

# एमबीए के स्टूडेंट्स को निष्काम सेवक जत्था समिति नें दिए प्रशस्ति पत्र



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** काईट कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूट मुरादनगर के एमबीए स्टूडेंट्स को निष्काम सेवक जत्था समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। यह प्रशस्ति पत्र तहसीलदार मोदीनगर रजत कुमार के हाथों समस्त स्टूडेंट्स को प्रदान कराये गये। इन स्टूडेंट्स ने निष्काम समिति के साथ जुड़कर निष्काम एनजीओ की कार्यशैली पर शोध किया और सामाजिक सेवा के तौर-तरीकों को समझने का प्रयास किया। निष्काम सेवक जत्था समिति के संस्थापक जसमीत सिंह ने बताया कि काईट कॉलेज के एमबीए स्टूडेंट्स को जनपद के विभिन्न एनजीओ की कार्यशैली पर शोध करने का लक्ष्य दिया गया था, जिसके बाद इन स्टूडेंट्स ने निष्काम समिति से संपर्क साध कर दो माह का प्रशिक्षण प्राप्त किया। निष्काम के सरंक्षक दिलीप शर्मा के अनुसार इस प्रशिक्षण के दौरान, स्टूडेंट्स ने निष्काम समिति की तमाम कार्यशैली को समझने और सीखने का प्रयास किया, जिसमें सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य सेवाएं, और अन्य सामाजिक कार्य शामिल हैं। इस दौरान निष्काम भवन की प्रथम विजिट करने आये तहसीलदार मोदीनगर नें अपनें संबोधन में कहा कि मैने अपनें जीवन में एक ही छत के नीचे इतनें सारे चिकित्सकीय उपकरणों की निशुल्क सेवा पहली बार देखी है और यह निस्वार्थ भाव का कार्य करना किसी के लिए भी इतना आसान नही है। तहसीलदार मोदीनगर नें सभी स्टूडेंट्स को निष्काम समिति से सीख लेकर समस्त कार्यशैली को अपनें जीवनशैली में उतारने और सदैव याद रखनें के लिए प्रेरित किया। इस दौरान निष्काम के वरिष्ठ पदाधिकारियों नें तहसीलदार मोदीनगर को संस्था का प्रतीक चिह्न व पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निष्काम के वरिष्ठ पदाधिकारी दिलीप शर्मा, जसप्रीत सिंह, धीरज कालरा, नवीन गुप्ता, लवली सचदेवा, राजेश खुराना, मंजीत सिंह, रविकांत ठाकुर, पवन कुमार, ट्विंकल बतरा, सरदार जितेंद्र सिंह, अनुप्रीत कौर, रिचा शर्मा तथा एहसास समिति के मुख्य सदस्यायें भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल मे वार्षिकोत्सव एवं बसंत उत्सव धूमधाम के साथ मनाया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ।** ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, अबूपुर, मुरादनगर मे वार्षिकोत्सव सह वसंत उत्सव बहुत ही धूमधाम, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया ।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से हुई जिसके बाद विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर संदीप रोहिला , विद्यालय की ट्रस्टी डॉक्टर मिनाक्षी रोहिला , ट्रस्ट मैनेजर रितु गोयल एवं प्रधानाचार्या सोनिया शर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ माँ सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित किया। उसके पश्चात स्कूल की प्राचार्य श्री मति सोनिया शर्मा ने अतिथियों एवं उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और कार्यक्रम को अग्रिम चरण के लिए अपनी सहमति भी दी। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर संदीप रोहिला एवं ट्रस्ट मैनेजर द्वारा कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्री मति मंजू सिवाच को पुष्पगुच्छ एवं शाल देकर स्वागत किया साथ ही अपने व्यस्त समय मे से कुछ कीमती समय देने के लिए विद्यालय के चेयरमैन ने अपना आभार भी व्यक्त किया ।वसंत उत्सव थीम पर आधारित सांस्कृतिक नन्हे मुन्ने बच्चों ने माँ शारदे को नमन करते हुए नृत्य एवं प्रकृति की स्तुति, उसके सौंदर्य और लाभ का जश्न मनाती नृत्य नाटिका, भारतीय लोक नृत्यों मे राजस्थानी नृत्य भी शामिल था। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन को न सिर्फ अतिथियो ने एवं अभिभावकों ने खूब सराहा।





## बसंत पंचमी का उत्सव मां सरस्वती के समक्ष यज्ञ करके मनाया

**मोदीनगर।** किरणमाला सुरेश चंद जैन सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल हापुड़ मार्ग गदाना मोदीनगर में बसंत पंचमी का उत्सव मां सरस्वती के समक्ष यज्ञ करके मनाया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे। समस्त स्टाफ के साथ प्रधानाचार्य पवन कुमार शर्मा ने मां सरस्वती के जन्म उत्सव की कथा का बड़ा ही रोचक वर्णन किया।

# मिल्कीपुर का चुनाव नहीं, चुनौती: अखिलेश यादव

वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव नहीं चुनौती है। जनता बनाम शासन का चुनाव है। जनता व प्रशासन के बीच चुनाव होगा। यह चुनाव आगे के राजनीतिक की दिशा और दशा तय करेगा। वस्त्र से योगी नहीं विचार से योगी होते हैं। सत्य को छिपाने वाला कभी भी योगी नहीं हो सकता। मृत्यु सबसे बड़ा सच है। किंतु मृत्यु पर भी झूठ बोल रहे हैं। सतयुग से लेकर कलयुग तक सनातन परंपरा कभी टूटी नहीं है किंतु वर्तमान सरकार में कुंभ के हादसे को छिपाया है। सच न बोल पाने वाले जनता के हित में कोई फैसला नहीं ले पाते। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर अयोध्या को वर्ल्ड क्लास की सिटी बनाऊंगा। यह बातें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र स्थित कल्याणपुर इंटर कॉलेज के पास मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। मिल्कीपुर चुनाव में सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद के समर्थन में सोमवार को चुनावी जनसभा आयोजित की गई। जनसभा के मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव रहे।




चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सबसे पहले कल्याणपुर इंटर कॉलेज परिसर में स्वर्गीय मित्र सेन यादव के समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। तदुपरांत चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने जानबूझकर मिल्कीपुर का उपचुनाव टाल दिया था लेकिन जनता इसका हिसाब लेकर रहेगी उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर के परिणाम को लेकर लखनऊ वालों को नींद नहीं आ रही है जब से लोकसभा चुनाव हारे हैं तब से उन्हें हैरानी बढ़ गई है। यह सम्मान यदि किसी ने बढ़ाया है तो वह अयोध्या की जनता का सबसे बड़ा श्रेय है। पूरे देश में महाकुंभ की चर्चा है। लेकिन दूसरा कुंभ मिल्कीपुर में समाजवादियों का है। जो की मिलन का कुंभ है और सांप्रदायिक राजनीति को खत्म करेगा। अयोध्या की सम्मानित जनता ने अवधेश प्रसाद को लोकसभा चुनाव जिताकर सांप्रदायिक राजनीति को समाप्त किया है। उन्होंने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ की घटनाओं की कल्पना नहीं किए जाने की बात कही कुंभ के शुरू होने के बाद स्नान करने वालों की गिनती तो बता रहे हैं किंतु भगदड़ में मरने वालों की संख्या और लापता लोगों की संख्या अभी तक नहीं बता पाए हैं। घटना के समय ही यदि सरकार सही फैसले ले लेती तो आज लोगों की जान न जाती बहुत से लोग अभी भी लापता हैं 100 घंटे से ज्यादा हो गए हैं करोड़ों लोगों की व्यवस्था का ऐलान करने वाले लोग इंतजाम नहीं कर सके हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों व ई-ऑफिस प्रणाली को लेकर समीक्षा बैठक

## हर कार्य एवं लक्ष्य को आपसी समन्वय बनाते हुए उत्कृष्ट तरीके से पूर्ण किया जाए: दीपक मीणा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में सोमवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों व ई-ऑफिस प्रणाली के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद के सभी एसडीएम, तहसीलदार कोर्ट में 5 वर्ष से अधिक, 3 से 5 वर्ष, 1 से 3 वर्ष, निर्विवाद विरासत, अंश निर्धारण, ई-परवाना आदि से संबंधित वादों को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही तालाब, चारागाह, पट्टे आदि के पूर्ण विवरण सहित आख्या प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने जनपद में 30 वर्ष पुराने वृक्षारोपण के पट्टों की जांच करते हुए निरीक्षण करने के निर्देश दिए, साथ ही उसकी रिर्पोट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। जनपद में तालाबों की जांच करने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी मेज पर अपना नाम व पदनाम की प्लेट लगाएं और अपनी मेज पर ही अपने कार्य की सूची भी रखें, जिससे यह ज्ञात रहे कि आपके पटल पर क्या दायित्व हैं। उन्होने कहा कि ई-ऑफिस कार्य पर विशेष ध्यान दिया जाएं। फरवरी अंत तक सभी कार्य ई-ऑफिस प्रणाली से ही किया जाएं। इस संबंध में अधिकारी/कर्मचारी को यदि प्रशिक्षण की आवश्यकता है तो उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएं। उन्होंने कहा कि जन शिकायत, आईजीआरएस, ऑफिस कार्यों के रजिस्टर बनाएं जाएं और इसके साथ ही मास्टर रजिस्टर भी तैयार किया जाए। कार्य को उत्कृष्ट तरीके से पूर्ण करने के लिए सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों के साथ निरंतर समन्वय बनाते हुए उनका दिशा-निर्देशन करें। अपनी अधीनस्थ कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए माह में एक बार मीटिंग की जाएं।

जन शिकायतों के निरस्तारण के उपरांत फीडबैक ली जाएं एवं यदि फीडबैक असन्तुष्ट पूर्ण प्राप्त हो रहा हो तो उस शिकायत का पुनः गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। हम सभी एक परिवार हैं, अतः समन्वय बनाते हुए हर कार्य को बेहतर तरीके से पूर्ण किया जाएं। बैठक में एडीएम ई श्री रणविजय सिंह, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. सन्तोष कुमार उपाध्याय सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कलेक्ट्रेट स्टाफ उपस्थित रहे।

# सफाई कर्मचारियों से नगर आयुक्त ने की सीधी बात, 12 सूत्रीय मांग का लिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम चतुर्थ श्रेणी संयुक्त संघर्ष कमेटी गाजियाबाद ने सोमवार को अपनी मांगों के निस्तारण की मांग को लेकर नगरायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कर्मचारियों ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। सफाई मित्रों के दिए गए ज्ञापन में दिखाई गई समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम सदैव तत्पर है। प्राथमिकता पर सफाई मित्रों की समस्याओं का समाधान लगातार होता आया है। नगर आयुक्त द्वारा सफाई कर्मचारी संघ की टीम को विस्तृत चर्चा के लिए समय दिया गया।

इसी के साथ-साथ नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को बाहरी व्यक्तियों से अपना बचाव करने के लिए भी अपील की गई। गुमराह न होने के लिए कहा गया। मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश भी उपस्थित रहें। नगर आयुक्त जनसुनवाई के उपरांत सफाई मित्रों के पास पहुंचे और 12 सूत्रीय मांग पत्र भी लिया। जिसमें सफाई कर्मचारी संघ द्वारा सफाई नायकों को मोबाइल उपलब्ध कराने, सफाई नायकों को विकल अलाउंस दिए जाने, कर्मचारी मृतक आश्रितों की पत्रावली पर कार्यवाही करने, आवास की व्यवस्था करने व अन्य विषयों पर तत्काल कार्यवाही के लिए ज्ञापन दिया गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में लगातार सफाई मित्रों के कार्यों को प्राथमिकता पर कर रहा है। प्राप्त समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा करते हुए कार्यवाही की जाएगी। संबंधित अधिकारियों रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। सफाई मित्रों की समस्या का समाधान निगम की पहली प्राथमिकता है। जिस पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं है। ज्ञापन देने वालों में संजय, राजेश चौहान, रामभुल धिंगान, अनिल मकवाना, संजय टांक, प्रवीन गहलौत, अशोक मकवाना, ओम पारचा, नरेश, जितेन्द्र, आकाश पारचा, सुरेन्द्र, राजपाल शक्ति जीनवाल, राहुल चौहान आदि मौजूद रहे।

# लोगों से लूट करने वाले बदमाश, नोएडा फेस 1 पुलिस के साथ मुठभेड़ में 1 घायल समेत 2 गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** नोएडा थाना फेस 1 पुलिस और मोबाइल लूटने वाले बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया। जिसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से फरार दूसरे बदमाश को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 5 मोबाइल फोन और उनके कुछ पार्ट्स, एक मोटर साइकिल, एक तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है। मुठभेड़ में गोली लगने से घायल बदमाश की पहचान विकास उर्फ गुल्लू के रूप में की गई है, जिसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. आत्म रक्षा में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में

एडीसीपी नोएडा सुमित शुक्ला ने बताया कि दिल्ली की तरफ से गोल चक्कर से आने वाले रास्ते पर गंदे नाले के ऊपर थाना फेस-1 पुलिस की ओर से चेकिंग की जा रही थी, तभी चेकिंग के दौरान दो व्यक्ति एक मोटर साइकिल से आते हुये दिखाई दिए। पुलिस ने चेकिंग के लिए बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया तो वह नहीं रूके और अपनी मोटर साइकिल पीछे मोड़कर सेक्टर 14ए के पीछे से दिल्ली की तरफ जाने वाले गंदे नाले की पटरी पर भागने लगे, जिस में उनकी मोटर साइकिल फिसल कर गिर गई।

# सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित एक करोड़ से अधिक लागत परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित एक करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। वर्तमान में जनपद में 142 परियोजनाओं में से 101 परियोजनाएं पूरी कर ली गई है। 41 परियोजनाएं प्रगतिशील है। सीडीओ ने निर्देश दिए कि समस्त परियोजनाएं वर्क- चार्ट के अनुसार प्रगति बढ़ाएं एवं परियोजनाओं से संबंधित नोडल अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वह अपनी परियोजनाओं को समय-समय पर जाकर जांच करते रहें। ताकि कार्य गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण हो सके।



# श्री ठाकुरद्वारा स्कूल में माता सरस्वती जी की पूजा का भव्य आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** 3 फरवरी दिन सोमवार को माघ मास की पंचमी तिथि को श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में विद्या की देवी मां सरस्वती के पूजन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण को सजाकर मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित की गई विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम शर्मा जी ने हैड गर्ल्स के साथ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया तथा छात्राओं ने मां सरस्वती के समक्ष नृत्य प्रस्तुत किया। सरस्वती पूजन के बाद हवन किया गया जिसमें विद्यालय की समस्त छात्राएं तथा अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम शर्मा जी ने सभी छात्राओं की सफलता की कामना की तथा विद्यालय के मैनेजर श्री अजय गोयल जी ने मां सरस्वती का पूजन करके छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

# बजट में इनकम टैक्स को लेकर मिडिल क्लास को बड़ी राहत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार 1 फरवरी को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट पेश किया।

इस बजट में इनकम टैक्स को लेकर मिडिल क्लास को बड़ी राहत दी गई है। आम बजट में ऐलान किया गया है कि 12 लाख तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। समरकूल ग्रुप के



चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए आम बजट वर्ष 2025-2026 ई को किसी ने विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में सार्थक कदम बताते अधिकांश ने सराहना की है। बजट में गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता किसानों के हितों को खास ख्याल रखा है। उनकी जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बजट में कई नई योजनाओं को शुरू करने का प्रावधान है। इससे सीधे तौर पर विकसित भारत की झलक दिखाई पड़ती है।

## पशु क्रूरता के प्रति लोगों को किया जागरूक

**गाजियाबाद।** जिले में पशु क्रूरता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पशु विभाग गांव और कस्बों में कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को जागरूक कर रहा है। 14 जनवरी से अब तक 23 कार्यक्रम हो चुके है। यह अभियान दो फरवरी तक चलाना था, लेकिन लोगों का रुझान देखते हुए इसको अब 14 फरवरी तक बढ़ाया गया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अधिकारी डा. एसपी पांडे ने बताया कि जिले के सरकारी अस्पताल के डॉक्टर लोगों को जागरूक कर रहे है।

# शहर में साप्ताहिक बाजारों के लिए नगर निगम जल्द बनाएगा पॉलिसी: महापौर



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर के अधिकतम वार्डो में साप्ताहिक बाजार लगाए जाते है। जिससे आने जाने का रास्ता बंद हो जाता है और स्थानीय लोग बीमारी के दौरान भी अपने घर से अस्पताल नही जा पाते।

कई स्थानों पर लम्बा जाम भी लग जाता है। इस व्यवस्था को सुचारू करने के लिए पुलिस कमिश्नर भी कार्य कर रहे है और अब नगर निगम भी पॉलिसी बनाकर पैठ बाजारों को व्यवस्थित करेगा। जिससे स्थानीय लोगों की बड़ी समस्या का समाधान होगा और बाजार के लोगों का रोजगार भी प्रभावित नही होगा। इसके साथ-साथ बाजारों में हो रही दलाली पर भी अंकुश लगाने का काम नगर निगम करेगा। जल्द ही नगर निगम शहर के पैठ बाजारों एवं साप्ताहिक बाजारों के लिए पॉलिसी बनाने पर कार्य कर रहा है। जिसमे महापौर सुनीता दयाल अहम भूमिका निभा रही है। उनके द्वारा नगर निगम अधिकारियों के साथ वार्ता भी की गयी है और जल्द ही इस पॉलिसी पर कार्य पूर्ण किया जाएगा। पैठ बाजारों पर पॉलिसी बनेगी तो स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, पैठ बाजार के रोजगार प्रभावित नही होंगे। साथ ही शहर में गंदगी नही फैलेगी। वहीं नगर निगम को आर्थिक आय भी होगी। इसके अलावा पैठ बाजार में हो रही दलाली पर अंकुश लगेगा। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि नगर निगम द्वारा जल्द ही पैठ बाजारों एवं साप्ताहिक बाजारों के लिए एक पॉलिसी बनाये जाने पर कार्य किया जा रहा है। इस विषय में नगर आयुक्त सहित सभी अधिकारियों से भी वार्ता हुई है और इस पर पॉलिसी बनाकर सड़क एवं शहर से अलग खाली भूमि पर लगाने पर कार्य किया जाएगा।

## सेंट मैरी स्कूल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन थाना इलाके में एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। साथ ही डॉग व बॉम स्कवाड की टीम भी पहुंची। आनन-फानन बच्चों को स्कूल मैदान में भेजा गया और जांच की गई। जानकारी के अनुसार, शालीमार गार्डन थाना इलाके में स्थित सेंट मैरी स्कूल को ईमेल पर सोमवार सुबह करीब सात बजे धमकी भरा मैसेज पहुंचा। स्कूल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि ईमेल में स्कूल को खाली करने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। सुरक्षा के लिहाज से तुरंत सभी बच्चों को स्कूल मैदान में भेज दिया गया।

# साइड मांगने पर गोली मारने वाले बदमाश, नोएडा फेस 3 पुलिस के साथ मुठभेड़ में 1 घायल समेत 2 गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** नोएडा में 31 जनवरी की रात साइड मांगने को लेकर विवाद में दो युवकों को गोली मारने के मामले में फेस 3 पुलिस ने दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें से एक आरोपी घायल हो गया जबकि दूसरा कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से 2 अवैध तमंचा , बिना नबर प्लेट की बलेनों कार बरामद की गई है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया



थाना फेस 3 प्रभारी ध्रुव भूषण और उनकी टीम गढ़ी गोल चक्कर के पास चेकिंग कर रही थे तभी सामने एक कार आती दिखाई दी जिसे रुकने का इशारा किया गया पर बदमाशों ने गाड़ी को परथला के ग्रीन बेल्ट की तरफ गाड़ी को मोड़ दिया और अपने को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी आत्मरक्षार्थ में पुलिस ने भी जवाबी कार्यवाही में बदमाश को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार किया। घायल गिरफ्तार बदमाश की पहचान 19 वर्षीय सेक्टर 66 ममूरा का आजाद बैंसला है तथा दूसरा अभियुक्त 26 वर्षीय ममूरा सेक्टर 66 का हितेश है। 31 जनवरी की रात साइड मांगने को लेकर पीड़ितों से आरोपियों का हुआ था विवाद - गांव मामूरा में मलवा उठाने पहुंचे पीड़ितों की पिटाई के बाद टांग में मार दी थी गोली। आजाद के खिलाफ तीन और हितेश के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज है।

# क्रॉसिंग डूंडाहेड़ा में निगम ने कब्जा मुक्त कराई 200 करोड़ की 40 हजार वर्ग मीटर भूमि

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम की जमीन पर अवैध कब्जा कर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। नगर निगम की टीम ने जमीन पर बुलडोजर चलाकर करोड़ों की जमीन को कब्जा मुक्त कराया। सोमवार को नगर निगम ने डूंडाहेड़ा (क्रॉसिंग) में अभियान चलाकर 200 करोड़ की 40 हजार वर्ग मीटर भूमि को कब्जा मुक्त कराया। मौके पर अभियान के दौरान पल्लवी सिंह संपत्ति प्रभारी और संपत्ति अधीक्षक रामशंकर व प्रवर्तन दल भी उपस्थित रहा। अभियान में पुलिस बल का भी विशेष सहयोग रहा। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया महौपार और नगर आयुक्त के निर्देशनुसार निगम की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जा रहा है। क्रॉसिंग डूंडाहेड़ा ग्राम में भी अभियान चलाया गया। खसरा नंबर 122, 123, 129, 304, 305, 306/7, 307 308 को कब्जा मुक्त कराया गया। कब्जा मुक्त करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

